वर्ष 24, अंक 177, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    सोमवार 5 जनवरी 2025    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## वॉलीबॉल कोर्ट से ओलंपिक तक, काशी में नेशनल चैंपियनशिप के उद्घाटन पर पीएम ने बताया भारत का 'मिशन 2036'

**काशी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन किया। काशी के सांसद के रूप में खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए पीएम ने कहा कि यह टूनार्मेंट 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सुंदर तस्वीर पेश कर रहा है, क्योंकि इसमें देश के 28 राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।



खेल और देश के विकास में समानता

प्रधानमंत्री ने वॉलीबॉल के खेल को भारत की प्रगति से जोड़ते हुए एक खास संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'वॉलीबॉल संतुलन, सहयोग और इच्छाशक्ति का खेल है। जिस तरह वॉलीबॉल में जीत टीम के आपसी भरोसे और तालमेल पर निर्भर करती है, वैसे ही हमारा देश भी टीम भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाता है, तभी राष्ट्र सफल होता है।'

एथलीट-केंद्रित मॉडल और नए सुधार

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि 2014 के बाद से भारत का खेल मॉडल पूरी तरह बदल चुका है। अब सरकार की नीतियां एथलीटों के कल्याण को प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट और खेलो भारत नीति 2025 का जिक्र करते हुए कहा कि इन सुधारों से खेलों में पारदर्शिता आएगी और सही प्रतिभा को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

भारत की नजर 2036 ओलंपिक पर

संबोधन के दौरान पीएम ने भारत की भविष्य की खेल योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत ने फीफा अंडर-17 और हॉकी वर्ल्ड कप जैसे 20 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट्स की सफल मेजबानी की है।

पीएम ने कहा, 'भारत 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए सक्रिय रूप से दावेदारी की तैयारी कर रहा है।'

काशी का बदलता स्वरूप

प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी में तैयार हो रहे नए खेल इंफ्रास्ट्रक्चर से यहां के युवाओं को बहुत फायदा हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि काशी अब बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे शहर की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

## बाड़मेर-बालोतरा सीमा का पुनर्गठन तुगलकी आदेश

**राजस्थान**

**राजस्थान** के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शनिवार देर रात किए गए बाड़मेर और बालोतरा जिलों की सीमाओं के पुनर्गठन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने रविवार को इस कदम को तुगलकी आदेश करार देते हुए कहा कि यह जल्दबाजी में लिया गया निर्णय है जो जनहित के खिलाफ है। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बायतू को बाड़मेर जिले में और गुड़ामालानीझधोरीमन्ना को बालोतरा में शामिल करने का निर्णय प्रशासनिक दृष्टि से कतई तर्क संगत नहीं है।

## शांति से सुलझाएं मसला- विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली**

**वेनेजुएला** में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी पर भारत सरकार ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर वहां के ताजा हालातों पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की है। भारत ने स्पष्ट किया है कि वह वेनेजुएला में तेजी से बदलती स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए है।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'भारत वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करता है। हम सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे शांतिपूर्ण बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाएं ताकि



क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।'

भारतीय नागरिकों के लिए सख्त चेतावनी

बढ़ते तनाव को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने शनिवार को ही एक ट्रैवल एडवायजरी जारी की थी। इसमें भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे वेनेजुएला की सभी 'गैर-जरूरी यात्रा' से बचें। जो भारतीय वर्तमान में वहां मौजूद हैं, उन्हें अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी आवाजाही सीमित रखने को कहा गया है।

कराकास स्थित भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लगातार संपर्क में है।

## मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए जारी किया घोषणापत्र

**महाराष्ट्र**

**राजनीति** में दो दशक की कड़वाहट के बाद एक साथ आए उद्धव ठाकरे (शिवसेना यूबीटी) और राज ठाकरे (एमएनएस) ने शनिवार को मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए अपना संयुक्त घोषणापत्र जारी किया।


इसे 'वचन नामा' नाम दिया गया है। 15 जनवरी को होने वाले चुनावों के लिए दोनों भाइयों ने अपने गठबंधन को 'मराठी मानुष' और मुंबई की रक्षा के लिए एक 'शिव-शक्ति' के रूप में पेश किया है।

घोषणापत्र के मुख्य वादे

स्वाभिमान निधिः घरेलू काम करने वाली महिलाओं और कोली (मछुआरा) महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।

सस्ता भोजनः मीनाताई ठाकरे के नाम पर 'मां साहेब' रसोई शुरू की जाएगी, जहां सिर्फ 10 रुपये में नाश्ता और दोपहर का खाना मिलेगा।

## प्रदूषण और शीतलहर का डबल अटैक, कोहरे की चादर में लिपटी राजधानी 'बहुत खराब' हुई हवा



**दिल्ली-एनसीआर**

**दिल्ली-एनसीआर** में कड़ाके की ठंड के साथ-साथ प्रदूषण का कहर जारी है। रविवार सुबह दिल्लीवासी ठंडी, बर्फीली हवाओं और घने कोहरे के बीच उठे। कोहरे के कारण शहर के कई हिस्सों में विजिबिलिटी काफी कम दर्ज की गई, जिससे यातायात पर भी असर पड़ा।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 248 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। हालांकि, शहर के कई हॉटस्पॉट्स पर हालात इससे कहीं ज्यादा गंभीर बने हुए हैं।

राजधानी के मुख्य मॉनिटरिंग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। आनंद विहार (350), रोहिणी (361), चांदनी चौक (355) और मुंडका (329) जैसे इलाकों में सांस लेना दूभर हो गया है। इसके विपरीत, द्वारका और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे क्षेत्रों में हवा थोड़ी बेहतर रही, जहां एक्यूआई 177 दर्ज किया गया।

## पेठा से लिट्टी-चोखा तकः योगी सरकार का ODOC प्लान, यूपी के व्यंजन बनेंगे नेशनल ब्रांड

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार प्रदेश की समृद्ध खाद्य विरासत को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल कर रही है. प्रस्तावित वन डिस्ट्रिक्टझ्वन क्यूजीन मॉडल के तहत प्रदेश के सभी 18 मंडलों को क्यूजीन क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाने का प्रस्ताव है.



इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक जनपद के विशिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों को संगठित पहचान, बेहतर बाजार और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है. समग्र रूप से क्यूजीन क्लस्टर मॉडल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा. यह पहल न केवल प्रदेश के पारंपरिक स्वाद को नई पहचान देगी, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को भी मजबूती प्रदान करेगी.

क्यूजीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत प्रत्येक मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों के विशिष्ट व्यंजनों को चिन्हित कर उन्हें गुणवत्ता, पैकेजिंग, विपणन और ब्रांडिंग के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है. इससे न केवल पारंपरिक स्वाद संरक्षित होंगे, बल्कि उन्हें आधुनिक उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप प्रस्तुत किया जा सकेगा.

पेठा ,पेड़ा,लिट्टी-चोखा, समोसा और लड्डू बनेंगे यूपी के फूड ब्रांड

इस योजना के तहत आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा, गोरखपुर का लिट्टी-चोखा, कानपुर का समोसा और लड्डू जैसे लोकप्रिय व्यंजनों को राज्य स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित किया जाएगा. इन व्यंजनों की पहचान अब केवल स्थानीय बाजार तक सीमित न रहकर ई-कॉमर्स, फूड फेस्टिवल और पर्यटन स्थलों के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचेगी.

फूड स्टार्टअप और उद्यमिता को मिलेगा सहयोग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार फूड स्टार्टअप, एमएसएमई और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है. क्यूजीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग यूनिट, कोल्ड चेन, गुणवत्ता परीक्षण और प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे.

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से जमीन पर दिखेगा असर

इस पहल से सरकार की प्रो-इंडस्ट्री नीति, सिंगल विंडो सिस्टम और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कारण फूड सेक्टर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा. प्रस्ताव के तहत, ODOC मॉडल के जरिए स्थानीय उत्पादकों को FSSAI, ब्रांडिंग सपोर्ट और मार्केट लिंकेज उपलब्ध कराए जाएंग।

## हत्या-रेप का दोषी 15वीं बार जेल से आएगा बाहर

**हरियाणा**

**डेरा** सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल मिल गई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी। राम रहीम फिलहाल रोहतक की सुनारिया जेल में अपनी दो शिष्याओं के बलात्कार और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में 20 साल की सजा काट रहा है।



हाल के वर्षों में राम रहीम को मिलने वाली पैरोल की आवृत्ति ने एक नई बहस छेड़ दी है। यह ताजा पैरोल पिछले साल अगस्त में मिली 40 दिनों की छुट्टी के कुछ ही महीनों बाद मिली है। पिछले एक साल के रिकॉर्ड पर गौर करें तो उसे जनवरी में 30 दिन, अप्रैल में 21 दिन (फरलो) और अगस्त में 40 दिन की रिहाई मिल चुकी है। 2017 में दोषी ठहराए जाने के बाद से यह 15वीं बार है जब डेरा प्रमुख को जेल से अस्थायी रिहाई मिली है।

राम रहीम की बार-बार होने वाली रिहाई पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जैसे सिख संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। इन संगठनों का आरोप है कि एक गंभीर अपराधी को बार-बार पैरोल देना कानून की भावना के खिलाफ है। आलोचकों का यह भी मानना है कि चुनावों के आसपास राम रहीम की रिहाई अक्सर राजनीतिक चर्चाओं का केंद्र बन जाती है, क्योंकि हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों में डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों की संख्या काफी अधिक है।

विशेष रूप से हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और हिसार जैसे जिलों में डेरा का अच्छा-खासा प्रभाव है।

## योगी सरकार का दृष्टि दिव्यांगों को तोहफा, 4000 ब्रेल पुस्तकों के साथ खुली ब्रेल लाइब्रेरी

**उत्तर प्रदेश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समावेशी शिक्षा और दिव्यांग सशक्तिकरण की नीति को धरातल पर उतारते हुए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में प्रदेश के पहले राज्य विश्वविद्यालय स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का शुभारंभ किया गया. मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य संजय सिंह ने स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थापित इस अत्याधुनिक ब्रेल पुस्तकालय का उद्घाटन किया.

इससे पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस परिसर में ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. इसके पश्चात फीता काटकर ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का विधिवत उद्घाटन किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति द्वारा दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों का हाथ पकड़कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया. इस अवसर पर उन्होंने दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि उन्हें आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए. उन्होंने कहा कि ब्रेल लिपि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए शिक्षा का सशक्त माध्यम है, जो



उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ती है.

54 उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों की 4000 से अधिक ब्रेल पुस्तकें

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि ब्रेल पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस से प्रकाशित यूजी एवं पीजी स्तर के 54 पाठ्यक्रमों की एनईपी आधारित 4000 से अधिक शैक्षणिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध हैं. यह प्रदेश का पहला ऐसा राज्य विश्वविद्यालय है,

जहां इतनी बड़ी संख्या में ब्रेल पुस्तकों का सुव्यवस्थित पुस्तकालय अनुभाग विकसित किया गया है. पुस्तकालय में 150 से अधिक विद्यार्थियों के बैठकर अध्ययन करने की सुविधा वाला रीडिंग रूम भी तैयार किया गया है.

10 हजार ब्रेल पुस्तकों का लक्ष्य

प्रवक्ता एवं पुस्तकालय प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि इस वर्ष ब्रेल पुस्तकों की संख्या बढ़ाकर 10 हजार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## ढेंकनाल में पत्थर की खदान धंसी, कई मजदूरों के दबे होने की आशंका; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**ओडिशा**

**ओडिशा** के ढेंकनाल जिले में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। गोपालपुर गांव के पास एक पत्थर की खदान में धमाके के बाद चट्टान का एक बड़ा हिस्सा गिर गया, जिसके मलबे में कई मजदूरों के दबे होने की खबर है। जिला प्रशासन और बचाव दल मौके पर राहत कार्य में जुटे हैं।



घटना मोटांगा पुलिस स्टेशन इलाके की है। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम मजदूर खदान में ड्रिलिंग और पत्थर निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान हुए एक धमाके के बाद ऊपर से चट्टान का एक भारी हिस्सा नीचे गिर गया। मलबे के नीचे कितने मजदूर फंसे हैं, इसकी अभी सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि कई मजदूरों की जान जा सकती है।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय फायर सर्विस और ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

## संभल में प्रशासन का बड़ा एक्शन, अवैध मस्जिद और मदरसे पर चला बुलडोजर; एक मस्जिद ग्रामीणों ने खुद ढहाई

**संभल**

**संभल** जिले के असमोली थाना क्षेत्र में रविवार को प्रशासन ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। भारी पुलिस बल और तीन बुलडोजरों के साथ पहुंची टीम ने सरकारी जमीन पर बने एक मदरसे और एक मस्जिद को जमींदोज कर दिया। वहीं, एक अन्य मामले में ग्रामीणों ने प्रशासन के पहुंचने से पहले ही खुद हथौड़ों से अवैध मस्जिद को तोड़कर मलबा कर दिया।

जब बुलडोजर पहुंचने से पहले ही टूट गई मस्जिद

सबसे चौंकाने वाला मामला हाजीपुर गांव का है। यहां 1339 वर्ग मीटर (करीब डेढ़ बीघा) सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद बनाई गई थी। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह जब टीम के साथ वहां पहुंचे, तो मस्जिद की जगह सिर्फ मलबा मिला। कार्रवाई के डर से ग्रामीणों ने रातभर हथौड़े और छेनी चलाकर मस्जिद को खुद ही ढहा दिया।

प्रशासन की प्रतिक्रिया

तहसीलदार ने कहा कि यह अच्छी बात है कि लोगों को सद्बुद्धि आई और उन्होंने खुद अवैध निर्माण हटा लिया। प्रशासन ने 3 घंटे की मेहनत के बाद वहां से सारा मलबा साफ कराया।

मदरसा और दूसरी मस्जिद पर चला 'पीला पंजा'

हाजीपुर गांव में ही मस्जिद से 500 मीटर दूर 1500 वर्ग मीटर जमीन पर बने एक



मदरसे को प्रशासन ने तीन बुलडोजरों की मदद से ढहा दिया। डीएम राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि मदरसे के नाम पर कब्जा कर वहां दुकानें बनाई गई थीं और किराया वसूला जा रहा था।

राया बुजुर्ग में कार्रवाई

गांव हाजीपुर से 11 किमी दूर राया बुजुर्ग में भी एक अवैध मस्जिद को दो बुलडोजरों से तोड़ा गया। यह मस्जिद भी सरकारी जमीन पर बनी थी और हाईकोर्ट से अपील खारिज होने के बाद यह एक्शन लिया गया।

हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, लगा भारी जुमार्ना

डीएम राजेंद्र पेंसिया के मुताबिक, इन संपत्तियों के खिलाफ तहसीलदार कोर्ट से काफी पहले ही ध्वस्तीकरण के आदेश हो चुके थे। मस्जिद और मदरसा कमेटियां हाईकोर्ट भी गई थीं, लेकिन वहां से भी उनकी अपील खारिज कर दी गई।

जुमार्ने की कार्रवाई

अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कुल 58 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

# बारा विधायक का कौंधियारा क्षेत्र में जनसंपर्क, समस्याएं सुन कंबल वितरित




कौंधियारा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कार्यकताओं से संवाद करते विधायक एवं कंबल वितरण करते हुए।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विधानसभा बारा के विधायक ने विकास खंड कौंधियारा अंतर्गत क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान व्यापक जनसंपर्क किया। इस क्रम में वे निरौंधा गांव स्थित पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष बृजेश कुमार पांडे के आवास पर पहुंचे, जहां स्थानीय कार्यकताओं और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके उपरांत कौंधियारा कस्बे में वरिष्ठ भाजपा नेता मंगला प्रसाद शुक्ल, भाजपा नेता रामदुलार शुक्ल तथा प्रधान प्रतिनिधि प्रकाश श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचकर कार्यकताओं से संवाद किया।

जनसंपर्क के दौरान बिजली, सड़क, पेयजल सहित अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं और आम जनता की समस्याओं का निस्तारण उनकी प्राथमिकता है।

दौरे के दौरान विधायक ने जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण कर शीत से राहत पहुंचाई। इसके अलावा कर्मा गांव पहुंचकर रमेश पटेल और शक्ति विश्वकर्मा के आवास पर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना और परिजनों से बातचीत की।

इस अवसर पर कपूरी महाराज, प्रतिनिधि फूलचंद पटेल, श्यामू निषाद, प्रेम प्रधान, मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, चंचल द्विवेदी, ई. प्रकाश सिंह, संदीप पटेल, राजकुमार पटेल, धीरज सिंह, जय सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।




## दि वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स क्लब की बैठक संपन्न

**नैनी।** नैनी दि वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स क्लब की एक बैठक रविवार की दोपहर तकरीबन 12: बजे माघ मेला अरैल क्षेत्र सेक्टर नंबर 7 स्थित सुशील तिवारी शिक्षा समिति के शिविर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान नए सदस्य के रूप में दिलीप कुमार जायसवाल, उमा शंकर गुप्ता और रामबाबू भारतीया को संगठन से जोड़ा गया। संगठन के लोगों ने नए सदस्यों का करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक में नरेंद्र श्रीवास्तव, राजीव वर्मा, शिवमूरत केसरवानी, गौरव केसरवानी, हजारी लाल कुशवाहा, राजीव जायसवाल, श्याम वर्मा, अखिलेश शुक्ला, राहुल जायसवाल, नसीम अहमद, राहुल कुशवाहा मौजूद रहे।

# माघ मेले में प्रयागराज, झूंसी तक चलने वाली 10 ट्रेनें निरस्त, रेलवे ने जारी की सूची

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में लगने वाले माघ मेले के लिए रेलवे की ओर से चलाई जाने वाली पांच स्पेशल ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। इसमें कुछ ट्रेनें रामबाग तो कुछ झूंसी तक आएंगी और जाएंगी। रेलवे की ओर से शनिवार को इसकी सूची जारी कर दी गई है। रेलवे प्रशासन की ओर से प्रयागराज में 15 फरवरी तक लगने वाले माघ मेले के लिए वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन और बनारस रेलवे स्टेशन होते हुए प्रयागराज रामबाग, झूंसी तक के लिए कई स्पेशल ट्रेनों के चलाने का निर्णय लिया गया है। हालांकि रेलवे की ओर से इसके लिए कोई कारण का जिक्र नहीं किया गया है।

रेलवे ने जारी की सूची- 05107-बढ़नी-प्रयागराज रामबाग मेला स्पेशल ट्रेन 4-5 जनवरी को निरस्त रहेगी। 05109-बनारस-प्रयागराज रामबाग मेला स्पेशल ट्रेन 4 से 6 जनवरी तक निरस्त रहेगी। 05110-प्रयागराज रामबाग-बनारस स्पेशल ट्रेन 4 से 6 जनवरी तक निरस्त रहेगी। 05113-छपरा-प्रयागराज रामबाग मेला स्पेशल ट्रेन 4 जनवरी को निरस्त रहेगी। 05108-प्रयागराज रामबाग-बढ़नी स्पेशल ट्रेन 4 से 6 जनवरी तक निरस्त रहेगी। 05114-प्रयागराज रामबाग-छपरा मेला स्पेशल ट्रेन 4 जनवरी को निरस्त रहेगी। 05104-झूंसी बनारस मेला स्पेशल ट्रेन 4-5 जनवरी को निरस्त रहेगी। 05103-बनारस-झूंसी मेला स्पेशल ट्रेन 4-5 जनवरी को निरस्त रहेगी।

05112-झूंसी गोरखपुर मेला स्पेशल ट्रेन 4 जनवरी को निरस्त रहेगी। 05111-गोरखपुर-झूंसी मेला स्पेशल ट्रेन 5 जनवरी को निरस्त रहेगी।

## समाजसेवी एवं भाजपा नेता विजय प्रताप सिंह की तेरहवीं में रक्षा मंत्री के ओएसडी ने पहुच कर दी श्रद्धांजलि



**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** विकास खण्ड सैदाबाद के धन्नीकापुरा ग्राम निवासी भाजपा नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय विजय प्रताप सिंह के निधन उपरांत आयोजित तेरहवीं संस्कार कार्यक्रम में भारत सरकार के रक्षा मंत्री के ओएसडी माननीय के. पी. सिंह ने सहभागिता की।इस अवसर पर के. पी. सिंह ने दिवंगत विजय प्रताप सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रभु से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उनके आगमन पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिवादन किया गया। तेरहवीं संस्कार कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुँचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान शोकाकुल परिजनों में चन्द्रविजय सिंह, विजय कुमार सिंह, एस. बी. सिंह, कुबेर सिंह, विजेंद्र प्रताप, भाजपा जिलामंत्री (पि.मो.) दिलीप, अम्बरीश, शैलेन्द्र, शिवम अंकुर उज्ज्वल शिखर सहित अनेक क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन की चेतावनी दी

**प्रयागराज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा में व्याप्त भ्रष्टाचार और समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में भारतीय किसान यूनियन (किसान) 11 जनवरी को धरने पर बैठेगा। जानकारी देते हुए राजीव चंदेल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज को दिए गए लिखित ज्ञापन में बताया कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड और एक्सरे मशीनें केवल नाम मात्र के लिए लगी हैं। डॉक्टरों पर आरोप है कि वे सरकारी अस्पताल में बैठकर मरीजों को बाहर की दवाएं लिखते हैं, जिससे मरीजों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अस्पताल में न तो दंत चिकित्सक हैं न ही मरीजों को दवाई उपलब्ध हो पा रही हैं।यदि इस स्थिति में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो सबूतों के साथ ज्ञापन देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा के खिलाफ धरना प्रदर्शन के साथ आंदोलन किया जाएगा।

# सावित्री बाई फुले की जयंती पर बच्चों को दी गई निःशुल्क पठन सामग्री

### पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी अशोक कुमार पुष्कर ने पेन कापी वितरित कर बच्चों को दी शुभकामनाएं



विद्यालय के छात्रों को पठन सामग्री वितरित करते पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष



मौके पर उपस्थित छात्र

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती शनिवार को नीमी थरिया गांव स्थित केडी पब्लिक इंटर कालेज में पूर्ण आस्था के साथ मनाई गई। पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित जयंती समारोह में शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष व समाजसेवी अशोक कुमार पुष्कर ने सावित्री बाई फुले की विचारधारा को नमन करते हुए कहा की सावित्रीबाई फुले शिक्षा की नीव बनी । समाज कों शिक्षित बनाने के लिए उन्हें बहुत परिश्रम करना पड़ा। महिलाओं के लिए औपचारिक शिक्षा शुरू करने में उन्होंने ऐतिहासिक भूमिका निभाई। आज समूचा देश ऐसी शिक्षिका पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। इस दौरान उन्होंने के०डी कालेज के शिक्षकों एवं करीब पांच सौ छात्रों को पठन सामग्री व मिष्ठान उपहार स्वरूप भेंट कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की पुष्कर सेवा संस्थान का प्रमुख उद्देश्य गरीब व असहाय बच्चों की पढ़ाई मे सहयोग करने के साथ ही शिक्षा के प्रति उन्हें जागरूक करना है ताकि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे क्योंकि शिक्षा से ही परिवार व गाँव मे एकता और भाईचारा बढ़ता है। इस दौरान उपस्थित अन्य लोगों ने भी सावित्रीबाई फुले की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुऐ दीप प्रज्वलित कर उनके संघर्षों को नमन किया।

संस्थान द्वारा पठन सामग्री व मिष्ठान पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी छाई रही। वहीं विद्यालय के प्रबंधक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह व प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह के साथ ही विद्यालय प्रबंधन ने पुष्कर सेवा संस्थान के इस नेक कार्य पर संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर आनन्द कुमार पुष्कर, आरिदम पुष्कर, देवीशंकर पुष्कर, रवि, लालजी, फूलचंद, अंकित कुमार, आचार्य रजनीश तिवारी, समाजसेवी अभिषेक पुष्कर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रयागराज द्वारा रिती आई केयर अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कालेज, भिदिउरा, थरवई, प्रयागराज में किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा आँखों से संबंधित रोगों की समय पर पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना था।शिविर के दौरान सैकड़ों लोगों की नेत्र जाँच की गई, जिनमें से जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयाँ एवं चश्मे वितरित किए गए। जाँच के उपरांत 22 लोगों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिनमें से 8 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले मरीजों को ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क कंबल भी वितरित किए गए।इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने कहा कि अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी सेवाएँ पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। इस प्रकार के शिविर आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सीबीसी से जुड़े राममूरत विश्वकर्मा ने कहा कि इस तरह के सामाजिक एवं स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और आमजन को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिविर में डॉक्टरों की टीम, ट्रस्ट के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे इस जनकल्याणकारी कार्य की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## कोहरा, गलन, शीतलहरी हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**मांडा।** छाये भीषण कोहरे और शीतलहरी हवाओं एवं बादल के चलते दिन भर भगवान सूर्य के दर्शन नहीं हुए। दिन में ही वाहनों को लाईट जलाकर सड़कों पर बेहद धीमी गति से चलना पड़ा। बादल व कोहरे के चलते ठंड बढ़ने से परेशानी बढ़ गई है। पूरे दिन भगवान सूर्य के दर्शन न होने से ठंडी काफी अधिक रही। ठंड, गलन और शीतलहरी के कारण सांझ होते क्षेत्रीय बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है।

31 दिसम्बर की भोर से ही छाये भीषण कोहरे, शीतलहरी हवाओं और बादल के चलते वीपी प्रतापपुर, प्रयागराज मिजार्पुर, मांडा बरौंधा, गिरधरपुर,मांडा मेजा, मांडा लालगंज आदि मार्गों पर दिन में ही लाईट जलाकर बेहद धीमी गति में वाहन चलते दिखे। कोहरे और बादल के चलते शुक्रवार को भी पूरे दिन भगवान सूर्य के दर्शन न होने के कारण ठंड बढ़ने से परेशानी बढ़ गयी है। मध्यम व निचले पायदान पर जीवन बसर करने वालों के लिए ठंडी परेशानी का कारण बन गयी है। वृद्धों, बीमारों को खास एहतियात बरतने की जरुरत तो है ही, साथ ही इंसानों से अधिक पालतू पशुओं और मवेशियों तथा गो आश्रय केंद्रों में सतर्कता बरतने की - आवश्यकता है। ठंडी बढ़ने के बावजूद अभी तक क्षेत्र के किसी भी बाजार में सरकारी अलाव की व्यवस्था नहीं हो पायी है, जिनसे देर रात तक वाहनों के तलाश में क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर राहगीर ठिठुरते रहते हैं। प्रशासनिक लापरवाही देखते हुए मांडा क्षेत्र के मांडा खास सहित कुछ चौराहों पर समाजसेवियों ने सीमित मात्रा में अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी है, जिससे राहगीर लाभान्वित हो रहे हैं। ठंडी और शीतलहर के चलते सांझ होते ही मांडा क्षेत्र के बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। वही अभी तक सरकारी अलाव मांडा क्षेत्र में नहीं जलाया गया है।

# नव वर्ष पर मानवता की मिसाल, भोपतपुर में संपत सिंह सेवा ट्रस्ट ने 200 जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**सहसों।** नव वर्ष के पावन अवसर पर भोपतपुर गांव में रविवार को संपत सिंह सेवा ट्रस्ट भोपतपुर सहसों के तत्वावधान में ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गरीब, असहाय, निराश्रित एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मनीष पासी एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष राम कैलाश सिंह ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक सामर्थ्यवान व्यक्ति को आगे आकर इस तरह के पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों और असहायों की सहायता ही समाज की सच्ची सेवा है, जिससे उनकी मूल जरूरतें पूरी हो सकें। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा कुल 200 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर ट्रस्ट के संचालक एवं आयोजक चंद्रभान सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा अंगवस्त्रम भेंट कर उन्हें सम्मानित करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली और ट्रस्ट के इस सराहनीय कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन रमेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिलीप सिंह, हरिभान सिंह, राम अवधपाल, प्रधानाध्यापक जीवन नाथ मिश्रा, शिक्षक योगेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी अमित सिंह, शेरु केसरवानी, अभय राज सिंह, अशोक कुमार सिंह, लालजी प्रजापति, अच्छे लाल गुप्ता, रामेंद्र सिंह यादव, संत बहादुर सिंह, रामसूरत सिंह, गुलाब सिंह, अनिल सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## विक्रमपुर नलकूप की नाली मरम्मत होने पर किसानों में हर्ष



**जंघई।** सरकारी नलकूप 72 एच विक्रमपुर, धनूपुर की नाली की स्थिति विगत कई वर्षों से जगह जगह टूटने से सिंचाई बाधित थी किसानों ने कई बार विभाग को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अधिवक्ता पंकज शुक्ला ने बताया कि हमारे ग्राम सभा विक्रमपुर में काफी लंबे समय से ट्यूबवेल की नाली का मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण किसानों को खेतों की सिंचाई में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नलकूप से किसानों की फसल सिंचाई होती थी लेकिन गांव में बनी सरकारी नाली जगह जगह टूटकर गिर गई थी नाली में बड़ी-बड़ी घांस उग आई थी जिसके कारण खेतों में जाने वाला पानी खेतों में नहीं पहुंच पा रहा था इधर उधर फालतू में बह रहा था। इस समस्या को हम लोगों द्वारा सिंचाई यांत्रिकी विभाग को ई-मेल, फैक्स एवं ऑनलाइन व अखबार के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था जिसके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर नाली मरम्मत का कार्य प्रगति पर है, जिससे किसान भाइयों को राहत मिलने की उम्मीद है विगत कई वर्षों से क्षतिग्रस्त नाली का निर्माण न होने से किसानों में आक्रोश व्याप्त था। मोहनलाल मिश्रा, रामराज दुबे, गोपाल यादव, शेषमणि गुप्ता, राजमणि, समयलाल, भुल्लन भाट, राजाराम, विजयलाल, सोहन लाल मौर्य, आशाराम यादव, नाथूराम, धर्मदेव, धीरेंद्र, मस्ताना आदि किसानों ने नाली निर्माण होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# नैनी में महा हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ : सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता का उमड़ा जनसैलाब

**अखंड भारत संदेश**






**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मेवलाल बगिया के पास एक गेस्ट हाउस में रविवार को सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित 'महा हिंदू सम्मेलन' सकुशल संपन्न हुआ। पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित हुआ इस भव्य कार्यक्रम में प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों से आए धमार्चार्यों, विद्वानों और सामाजिक कार्यकताओं ने शिरकत की। सम्मेलन का मुख्य केंद्र समाज में सद्भाव, युवाओं की भागीदारी और सांस्कृतिक एकता रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुति और विचार प्रवाह कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध गायक मिश्र बंधु एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत 'सनातन गीतों' से हुआ, जिसने पूरे पंडाल को राममय कर दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। अतिथियों का स्वागत और प्रबोधन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 श्री राम रतन दास जी महाराज (फलाहारी बाबा) एवं अध्यक्षता पूज्य संत चंद्रदेव मिश्रा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में सुबंधु (विभाग प्रचारक, प्रयागराज) ने युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथियों में प्रो. अलका (रज्जू भैया यूनिवर्सिटी), ज्ञानेश्वर तिवारी (गन्नू महाराज), पुष्पेंद्र सिंह (प्रकृति वेदा), और समर बहादुर सिंह शामिल रहे, जिनका आयोजक मंडल द्वारा माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के प्रवक्ता आशुतोष एवं हंडिया पीजी कॉलेज के डॉ. प्रद्युमन सिंह ने भी अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय हिंदू स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर अभय प्रताप सिंह एवं मातृ शक्ति के रूप में मनोज दीदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशाल जनसमूह की सहभागिता सम्मेलन में हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से शालू चढ़ा, आकांक्षा जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, संजय केसरवानी सीमेंट वाले, राजीव वर्मा, रजत दुबे, दिलीप केसरवानी, सचिन्द्र वैश्य, राम जी मिश्रा, सत्येंद्र जायसवाल (सत्या), सुरेश तिवारी, हरि कृष्ण तिवारी, राजेश शर्मा, राम बाबू केसरवानी, प्रेम प्रकाश जायसवाल, राजेश जायसवाल, राहुल जायसवाल, नरेन्द्र चौरसिया, राजन शुक्ला, सोनू मिश्रा, धर्मराज पटेल, विनोद जायसवाल, सुजीत जायसवाल, मुन्ना शर्मा, संजय केसरवानी, गनेशी सराफा, प्रमोद सिंह, बृजेश सिंह, श्यामधर मिश्रा, शशि शर्मा (लालु), और योगेश सिंह आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजक पार्षद राकेश जायसवाल ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और विशेष रूप से क्षेत्र के सभी व्यापारियों का हृदय से आभार प्रकट किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यंत सफल रहा।

# कीडगंज में चल रहे देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़, सरगना समेत पांच गिरफ्तार





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र के नई बस्ती स्थित एक किराये के मकान में चल रहे देह व्यापार का पुलिस ने रविवार को भंड़ाफोड़ किया है। छापेमारी में चार युवतियां पकड़ी गई हैं। वहीं, दरियाबाद निवासी आरोपी सरगना सर्वेश द्विवेदी समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में आरोपी सर्वेश ने वरिष्ठ अधिकारी का मकान किराये पर लेकर देह व्यापार का धंधा करवाता था। नई बस्ती स्थित दो मंजिला मकान में पिछले कई महीनों से युवक और युवतियों का आना-जाना था। आसपास रहने वाले लोगों को शक हुआ तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी होने पर एसीपी राजीव यादव, कीडगंज थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने दोपहर करीब दो बजे मकान में छापा मारा। करीब आधे घंटे तक कमरे का दरवाजा नहीं खोला गया। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ दिया। पुलिस जब अंदर पहुंची तो अलग-अलग कमरों में चार युवक और चार युवतियां आपत्तिजनक हालत में मौजूद थे। मौके से कुछ आपत्तिजनक सामग्री और अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। सभी को पकड़कर कीडगंज थाने लाया गया। जांच में पता चला कि पकड़ी गई दो युवती प्रयागराज की रहने वाली हैं। जबकि एक पश्चिम बंगाल और दूसरी वाराणसी जिले की है। कीडगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस जांच में पता चला कि उक्त मकान एक वरिष्ठ अधिकारी का है। पुलिस ने अधिकारी से संपर्क साधा तो पता चला कि नंवबर 2025 को दरियाबाद निवासी सर्वेश द्विवेदी को उक्त मकान 15 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर लेकर इसका एग्रीमेंट किया था। उसने बताया था कि मकान को छात्रों को पढ़ाई करवाने के लिए लिया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में पश्चिम बंगाल की युवती ने बताया कि वह फेसबुक के माध्यम से आरोपी के संपर्क में आई थी। इसके बाद यहां आ गई।

# माघ मेलाः पौष पूर्णिमा स्नान के बाद व्यवस्थाओं की समीक्षा, अग्नि सुरक्षा की विशेष व्यवस्था पर भी चर्चा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** माघ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के पश्चात आज मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल द्वारा मेला क्षेत्र में की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई जिसमें प्रथम स्नान के दौरान आई कठिनाइयों एवं उनके निराकरण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में मेला क्षेत्र में नल, विद्युत, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में जहाँ-जहाँ सुधार की आवश्यकता है उन्हें अतिशीघ्र कराने के निर्देश देते हुए मंडलायुक्त ने पूरे मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने, सभी शौचालयों को नियमित रूप से साफ रखने तथा ओडर मैनेजमेंट एवं सफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मियों की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में मेला क्षेत्र में जलनिगम द्वारा की गई अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। जलनिगम के मुख्य अभियंता ने अवगत कराया कि मेला क्षेत्र में 23 स्थानों पर अतिरिक्त फायर हाइड्रेंट को ट्यूबवेल से जोड़कर लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से आपातकालीन स्थिति में फायर टेंडर वाहनों को मात्र 12 मिनट में ही भरा जा सकेगा। इससे किसी भी आगजनी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी। मण्डलायुक्त ने मेला क्षेत्र में अवैध रूप से टेंट लगाकर रह रहे व्यक्तियों को तत्काल हटाने तथा सड़कों पर अवैध तरीके से लगाई जा रही दुकानों को हटाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के उपरांत उन्होंने संगम नोज एवं मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण भी किया।

# माघ मेला 2026: कला संगम पंडाल में भव्य सांस्कृतिक संध्या

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के अंतर्गत संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कला संगम सांस्कृतिक पंडाल, सेक्टर-3, किला-मिन्टो पार्क रोड, परेड ग्राउंड में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर प्रयागराज उमेश चंद्र गणेश केसरवानी की गरिमामयी उपस्थिति में पद्मश्री मालिनी अवस्थी एवं अपर निदेशक संस्कृति डॉ. सृष्टि धवन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत उदयचंद परदेसी (प्रयागराज) द्वारा देवी गीत लोकगायन से हुई, जिन्हें शोभित नाहर एवं गुलाम सरवर द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात वरुण मिश्रा एवं उनकी टीम ने ह्लचलो मन गंगा यमुना तीरेह्व की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कृति श्रीवास्तव ने लोक नृत्य ढेड़िया प्रस्तुत किया, जबकि पद्मश्री मालिनी अवस्थी के लोकगीत ह्लचलो री गुइंया, गंगा नहाये लेंह्व ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वाराणसी से आए राम जनम के शंख वादन, संगीता मिश्रा के लोकगीत, वरुण मिश्रा के शास्त्रीय संगीत तथा नीता जोशी की कत्थक प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर महापौर का सम्मान डॉ. सृष्टि धवन द्वारा तथा पद्मश्री मालिनी अवस्थी का सम्मान महापौर एवं मंडल आयुक्त सौम्या अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आभा माधुर ने किया।

# रहस्यमय ढंग से घर में ताला बंद कर एक परिवार के तीन सदस्य गायब



## मऊआइमा के लोकापुर विशानी गोली चलने की घटना के बाद गायब हुआ परिवार

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम लोकापुर विशानी गांव में शनिवार को बडे भाई मुकेश कुमार ने छोटे भाई मुकुंद लाल को सम्पत्ति के लिए गोली मारकर कर जख्मी कर दिया था। घायल मुकुंद लाल ने मऊआइमा थाने में जानलेवा हमले का मुकदमा अपने बड़े भाई मुकेश कुमार के खिलाफ दर्ज कराया है। पुलिस मुकेश की तलाश में जुटी हुई थी कि एक नया मामला सामने आ गया। मुकुंद लाल के पिता राम सिंह और उसकी बहन साधना और भांजी आस्था घर में ताला बंद कर रहस्यमय ढंग से गायब हो गए। मुकुंद लाल ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले को गंभीरता से जांच कर रही है।

# चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सहभोज कार्यक्रम में पत्रकार और गणमान्य लोग हुए सम्मानित

## पत्रकार समाज के हैं सजग प्रहरी उनका सम्मान कर विद्यालय परिवार स्वयं को महसूस कर रहा है गौरवान्वित : अखिलेश मिश्र




चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में पत्रकारों और गणमान्य लोगों को सम्मानित करते सुधांशु मिश्र

**मेजा।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर तहसील क्षेत्र के मनु का पूरा स्थित चाणक्य इण्टरनेशनल स्कूल में रविवार को स्वजन सहभोज एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय गणमान्य लोगों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर सुधाश्रु मिश्र ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थित स्वजनों एवं स्थानीय मीडिया कर्मियों को भगवान श्रीराम की तस्वीर डायरी और पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अखिलेश मिश्र ने कहा कि पत्रकार समाज के सजग प्रहरी होते हैं। उनका सम्मान कर विद्यालय परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार नीरज मिश्र ने भी स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर सुधाश्रु मिश्र द्वारा विद्यालय के प्रति किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए आभार जताया और उनका माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी, सुशील पांडेय, चंद्रमा प्रसाद,आशीष शुक्ल, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, राजेश कुमार गौड़ बाबा चाइना, अतुल तिवारी, राम कैलाश उमेश सोनी अरविंद गुप्ता नीरज पांडे श्रीकांत यादव, राजेश विश्वकर्मा सहित क्षेत्र तमाम गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भज ले प्राणी, रे अज्ञानी, ये दो दिन की जिंदगानी, वृथा क्यों भटक रहा है



**जंघई।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का आयोजन 29 मार्च से 6 अप्रैल तक कथा स्थल देवबरा धाम, पिपरी, धनूपुर प्रयागराज में आयोजित किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज के कृपापात्र अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करेगें राजन जी महाराज की होने वाली कथा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राजन जी महाराज की यह कथा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है, जिसमें वे भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। तैयारी का स्तर यह दशार्ता है कि आयोजन को सफल बनाने के लिए देवबरा धाम निवासी कथा के संयोजक राधे मोहन पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रतापगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार विकास शुक्ला एवं पंपोष प्रतापगढ़ी को दलाबाबा धाम में निमंत्रण देने कार्यक्रम संयोजक राधे मोहन पांडेय एवं सुरेश पांडेय, डाक्टर विकास शुक्ला पहुंचे और रामकथा को सफल बनाने हेतु आमंत्रित किया।

# तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने दो युवकों को रौंदा एस आर एन में भर्ती

**मऊआइमा।** तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने डिवाइडर तोड़ते हुए दो युवकों को रौंदते हुए भाग गई। दोनों को एस आर एन में भर्ती कराया गया है। जहा दोनों युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने स्कार्पियो स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बहरिया थाना क्षेत्र के सिकंदरा दयालपुर निवासी मुन्नू लाल पुत्र स्वर्गीय भगौती प्रसाद यादव का कहना है कि उनका पुत्र अश्वनी कुमार यादव और उसका मित्र संदीप कुमार यादव मऊआइमा के अमानगंज सकरामऊ के पास बाइक खडी किए थे।तभी प्रतापगढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने डिवाइडर तोडते हुए अश्विनी कुमार और संदीप यादव को कुचते हुए प्रयागराज की ओर चली गई।मुन्नू लाल यादव ने बताया कि स्कार्पियो का नम्बर प्लेट टूट कर मौके पर गिर पड़ा है। दोनों जख्मियों की हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हें एस आर एन में भर्ती कराया गया है। मुन्नूलाल की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने स्कार्पियो स्वामी कुलदीप यादव निवासी इस्माइलपुर तालुकेअब्दालपुर हालमुकीम हवेलिया झूंसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 05 जनवरी से प्रारंभ होगी प्रयागराज पंचकोशी परिक्रमा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण, पंचदशनाम जूना अखाड़ा एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के तत्वावधान में आयोजित होने वाली प्रयागराज पंचकोशी परिक्रमा का शुभारंभ 05 जनवरी 2026 से किया जा रहा है। पंचकोशी परिक्रमा के आयोजन से पूर्व जूना अखाड़ा के महामंत्री हरी गिरि जी महाराज ने अन्य कई संत-महात्माओं के साथ मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीश वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजयपाल शर्मा, मेला अधिकारी ऋषिराज, मेला पुलिस अधिकारी, नीरज पांडेय समेत अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट कर उन्हें इस पावन आयोजन में आमंत्रित किया। संतों ने परिक्रमा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराते हुए प्रशासन के सहयोग के प्रति आभार भी व्यक्त किया।पंचदिवसीय पंचकोशी परिक्रमा माघ मेला-2026 के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसमें संगम क्षेत्र से प्रारंभ होकर प्रयागराज जनपद के प्रमुख तीर्थस्थलों का दर्शन-पूजन कराया जाएगा। परिक्रमा का शुभारंभ 05 जनवरी को संगम स्नान के साथ होगा, जिसके उपरांत अक्षयवट, लेटे हुए हनुमान जी, दत्तात्रेय मंदिर (जूना अखाड़ा), सरस्वती कूप, रामघाट, मौजिगिरि समाधि, सिद्धपीठ मां ललिता देवी, मां कल्याणी देवी तथा वनखण्डी महादेव जैसे प्रमुख स्थलों के दर्शन किए जाएंगे।दूसरे दिन 06 जनवरी को अरैल क्षेत्र स्थित शूलटंकेश्वर महादेव, आदि माधव, चक्र माधव, सोमेश्वर महादेव, छिवकी के गदा माधव तथा ग्राम महेवा स्थित भैरव बाबा के दर्शन होंगे। तीसरे दिन 07 जनवरी को ललापुर के मनकामेश्वर महादेव, बीकर के पद्म माधव, देवरिया के सुजावन देव मंदिर, पनासा क्षेत्र के पराशर ऋषि आश्रम, वाल्मीकि आश्रम एवं ज्वाला देवी के दर्शन कार्यक्रम में सम्मिलित हैं।08 जनवरी को शंख माधव, ककरा दुबावल स्थित दुवार्सा ऋषि आश्रम, रामपुर के संकट हरण हनुमान, पाण्डेश्वर महादेव, सीताकुण्ड, निषादराज स्थली, नागवासुकी, वेणी माधव तथा अलोपी शंकर माता के दर्शन कराए जाएंगे। 09 जनवरी को संगम स्नान के पश्चात जूना अखाड़ा स्थित श्री राम जानकी मंदिर एवं कृष्ण नगर, कीडगंज का दर्शन किया जाएगा, जहां अंत में विशाल भंडारे का आयोजन होगा।प्रयागराज पंचकोशी परिक्रमा सनातन परंपरा, आस्था एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, जिसमें बड़ी संख्या में संत-महात्मा एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं यातायात की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर संपन्न




**थरवई ।** अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट प्रयागराज द्वारा रिती आई केयर अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कालेज, भिदिउरा थरवई में किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा आँखों से संबंधित रोगों की समय पर पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना था। शिविर के दौरान सैकड़ों लोगों की नेत्र जाँच की गई, जिनमें से जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयाँ एवं चश्मे वितरित किए गए। जाँच के उपरांत 22 लोगों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिनमें से 8 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले मरीजों को ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क कंबल भी वितरित किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने कहा कि अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी सेवाएँ पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। इस प्रकार के शिविर आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से जुड़े राममूरत विश्वकर्मा ने कहा कि इस तरह के सामाजिक एवं स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और आमजन को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में डॉक्टरों की टीम, ट्रस्ट के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे इस जनकल्याणकारी कार्य की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

# नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता समाज के लिए है बड़ी आवश्यकता : एमसी चतुर्वेदी

## दिव्यागोत्थान श्रीराम सेवा ट्रस्ट के तत्वा में जेवनिया शंभू का पूरा गांव में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर,कंबल वितरण, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**







मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण करती रुचि तिवारी एवं कंबल वितरण करते मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के जेवनियां (शंभू का पूरा) गांव में रविवार को दिव्यांगोद्धान श्रीराम सेवा ट्रस्ट न्यास के तत्वावधान में सेवा संवेदना और सामाजिक सरोकार का भव्य संगम देखने को मिला। आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कंबल वितरण, नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी रही। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। उल्लेखनीय है कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए हजारों जरूरतमंद, असहाय एवं गरीबों को कंबल वितरित कर ठंड से जहां राहत पहुंचाई गई वहीं नशा मुक्ति,बाल अपराध की रोकथाम तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और अनुशासित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रयागराज एमसी चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा और संवेदना से जुड़े ऐसे

आयोजन समाज की वास्तविक जरूरतों को पूरा करते हैं। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत हैं। उन्होंने आगे कहा कि नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसे प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. शिशिर कुमार पांडेय (कुलपति, जगद्गुरु स्वामी रामानन्दाचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट) ने कहा कि स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक चेतना के बिना सशक्त समाज की कल्पना संभव नहीं है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचलों में जागरूकता बढ़ती है और समाज में विश्वास का वातावरण स्थापित होता है। इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य प्रमुख शिवसेना दिल्ली संदीप चौधरी,राज्य प्रमुख शिवसेना यूपी अभय द्विवेदी तथा डॉ.अशोक हरिदश (भैया जी), कथा वाचक एवं जगद्गुरु रामानन्दाचार्य जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शक अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ जितेन्द्र कुमार दुबे रहे। कार्यक्रम के आयोजक एवं अधिवक्ता अभिषेक तिवारी उर्फ टिंकू ने उपस्थित अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि दिव्यागोत्थान श्रीराम सेवा ट्रस्ट न्यास का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य, राहत वितरण एवं सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत आयोजक अभिषेक तिवारी तथा कार्यक्रम की निवेदिका एवं शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी द्वारा माल्यार्पण, अंगवस्त्रम एवं भगवान की प्रतिमा भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी खूब समां बांधा। तिवारी बंधु एवं अमित मिश्रा अमिलिया द्वारा प्रस्तुत भजनों व गीतों पर श्रोता देर तक मंत्रमुग्ध रहे

कार्यक्रम के संयोजक पं. कमलाशंकर उपाध्याय (ज्योतिषाचार्य), पं.शशिकान्त तिवारी (अध्यक्ष प्रेस क्लब मेजा) पं.अरुणा प्रसाद तिवारी, अनुराग तिवारी (डायरेक्टर आरए प्लास्टों फब प्रा.लि.वडोदरा, गुजरात तथा एनके वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता आयकर एवं जीएसटी के अलावा पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला, भाजपा नेता एवं क्षेत्र के चर्चित जनसेवक इन्द्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया, पप्पू उपाध्याय, बाबा तिवारी, शिव उपाध्याय, जोगीन्दर सिंह, आशीष मिश्रा, भोला गौतम, रामशिरोमणि तिवारी, अनिल शुक्ला, राजू पाण्डेय, दीपक गौड़, पमपम पाण्डेय, महीप सिंह, शमी शुक्ला, विकास तिवारी उर्फ विक्की, डब्बू दुबे सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनकर मिश्रा ने किया।

गौरतलब है कि इससे पूर्व इसी स्थान पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग पांच से छह हजार लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया था। लगातार हो रहे ऐसे जनहितकारी आयोजनों से पूरे क्षेत्र में सेवा, विश्वास और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# भारत व पाक के बीच तनाव को लेकर चीन की मध्यस्थता अस्वीकार्य : प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने बांग्लादेश में हिन्दू व्यापारी की हत्या की घटना को बताया भयावह हालात

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में पेट्रोल डालकर जलाए गए हिन्दू व्यापारी खोकनचंद्र दास की वीभत्स हत्या को वहां अल्पसंख्यको के लिए भयावह हालात करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसके पहले वहां दीपूचंद्र दास की भी बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार को फौरन बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा को रोकने के लिए कठोर कूटनीतिक प्रयास शुरू करना चाहिए। उन्होने कहा कि विदेश नीति में अपरिपक्वता तथा लचर होने के कारण पड़ोसी देशों में भी नीतिगत समन्वय का अभाव उत्पन्न हो गया है। वहीं उन्होने प्रदेश के बुलन्दशहर जिले में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना को भाजपा राज में कानून और व्यवस्था के लिए शर्मनाक कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि दिल दहला



देने वाली यह घटना भाजपा के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे को भी लज्जाजनक चुनौती दे गयी है। रविवार को यहां कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा चुनौतीपूर्ण मुददों से जनता का ध्यान हटाने के लिए एसआईआर का शोर मचा रही है। उन्होने कहा कि एसआईआर में पश्चिम बंगाल में गहन पुनरीक्षण के तहत गलत तरीके से नाम जोड़ने वाले पांच अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना इस अभियान की ताजा पोल खोल गया है। उन्होने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के नाम पर भाजपा और आयोग की मिलीभगत से लोगों के मतदान के अधिकार पर खुला डांका डाला जा रहा है। वही उन्होने आपरेशन सिन्दूर को लेकर चीन द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की मध्यस्थता के दावे पर भी मोदी सरकार को आडे हाथों लिया। उन्होने कहा कि अरूणांचल प्रदेश की भारतीय महिला के साथ चीनी सरकार ने अवांछित तथा अमानवीय कदम उठाया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान रोज यह दावा जता रहा है कि आपरेशन सिन्दूर के दौरान चीनी नेतृत्व लगातार पाकिस्तान के संपर्क में था। उन्होने कहा कि इसके बावजूद चीन की मध्यस्थता का राग अलापना देश की विदेश नीति के ढुलमुल होने का नतीजा है। उन्होने अमेरिका के द्वारा वेनेजुएला पर हमले की कार्रवाई को दुनिया में युद्ध के ताजा माहौल के लिए और खतरनाक कदम कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि वेनेजुएला में आंतरिक सैन्य हस्तक्षेप कर अमेरिका ने सभी अर्न्तराष्ट्रीय नियमों की खुली धज्जियां उड़ाई है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिका ने टैरिफ बढ़ोत्तरी तथा एच-वन वीजा के जरिए भारतीय हितों पर भी गहरी चोट पहुंचायी है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद मोदी सरकार अर्न्तराष्ट्रीय क्षेत्र में देश की गुटनिरपेक्ष आंदोलन से जुडी नीतियों का पालन करने में हिचकिचा रही है। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। यहां उन्होने माघ मेले को देखते हुए बाबा धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कार्यकताओं को निर्देश दिये। उन्होने शीतलमऊ वार्ड में पहुंचकर हाल ही में बलदेव सिंह की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, रवीन्द्र मिश्र, छोटेलाल सरोज, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, विकास मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, लल्लन मिश्र, बृजेश द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्र, रामू मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय, आशीष कौशल, शेरू खां, अतुल शुक्ला, अभिनव शुक्ला, सिंटू मिश्र, रोहित सिंह, गुडडू सिंह, हृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, शाही ईमाम ईसा खां, दीपू मिश्र, धर्मराज गौतम, अरूण तिवारी आदि रहे।

## बुलेट और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर, दो घायल

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के धूती मोड़ के पास बुलेट मोटरसाइकिल और स्कूटी के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।कंधई थाना क्षेत्र के अनापुर गांव निवासी आरती वर्मा (35 वर्ष) पत्नी रमेश वर्मा स्कूटी से पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कोठियार गांव स्थित अपनी बहन के घर आ रही थीं। जैसे ही वह अनापुर मोड़ के पास पहुंचीं, पट्टी की ओर से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल ने उनकी स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी।हादसे में स्कूटी सवार आरती वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं बुलेट चालक अंशु सिंह, पुत्र श्यामलाल, निवासी सिगठी खालसा, जो आसपुर देवसरा से रिश्तेदारी से लौटकर घर जा रहा था, वह भी दुर्घटना में घायल हो गया।दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पट्टी लाया गया। इलाज के दौरान आरती वर्मा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं अंशु सिंह का इलाज सीएचसी पट्टी में चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

# एमडी ड्रग्स व कार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना रानीगंज पुलिस एवं स्पेशल टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 18.43 ग्राम एमडी (मेथामफेटामिन) नशीला पदार्थ व एक क्रेटा कार के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल तथा क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रानीगंज प्रभात कुमार सिंह एवं स्पेशल टीम प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह के नेतृत्व में की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत बनरहिया बाग, ग्राम भागीपुर के पास से अभियुक्तों को दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मो0 अनीश पुत्र अब्दुल रशीद (46) एवं मो0 असलम पुत्र मुर्तजा (36) निवासी ग्राम गम्भीरपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 18.43 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई, साथ ही घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार को भी जब्त किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना रानीगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। साथ ही क्रेटा कार को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बचाना और समाज को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

# भाजपा किसान मोर्चा ने सुंदरकाण्ड पाठ आयोजन के बाद वितरित किया महाप्रसाद

**प्रतापगढ़।** भाजपा जिला कार्यालय पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्र के नेतृत्व में श्रीरामचरितमानस सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। रविवार की सुबह जिला कार्यालय पर पूरे विधि विधान के साथ गोस्वामी बाबा तुलसीदास कृत श्री रामचरितमानस सुंदरकांड का संगीतमय पाठ के बाद किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्र ने समस्त मोर्चा पदाधिकारी सहित हनुमंत लाल जी की आरती की। इसके बाद जनपद, क्षेत्र व प्रदेश से पधारे तमाम गणमान्य जनों ने महाप्रसाद ग्रहण करा अपने को कृतार्थ किया। इस दौरान जिला कार्यालय पर प्रमुख रूप से किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता डा. गौरव मिश्र, किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी प्रसाद तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष देवानंद त्रिपाठी,



सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, ब्लॉक प्रमुख राजीव प्रताप सिंह नंदन, रानीगंज नगर पंचायत प्रतिनिधि बद्री प्रसाद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला मंत्री राम जी मिश्र, आईटी विभाग जिला संयोजक पंकज सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ संयोजक प्रमोद पाण्डेय जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा रमेश बहादुर सिंह सहित समस्त किसान मोर्चा जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्र ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## पंपिंग सेट से इंजन व मोटर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के सहसपुर गांव निवासी मनमोहन मिश्रा ने खेत की सिंचाई के लिए गांव के समीप पंपिंग सेट लगा रखा था। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने पंपिंग सेट का ताला तोड़कर उसके अंदर रखा इंजन व बिजली की मोटर चोरी कर ली।रविवार सुबह जब गांव के लोग फसल देखने खेतों की ओर गए तो पंपिंग सेट का ताला टूटा देख इसकी सूचना मनमोहन मिश्रा के पुत्र सूरज मिश्रा को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आस-पास के लोगों से पूछ-ताछ की और आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद वापस लौट गई। पीड़ित ने रविवार दोपहर में कंधई थाने पहुंच कर लिखित प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# यातायात व्यवस्था को लेकर रात में डायवर्जन प्वाइंटों पर मुस्तैद दिखे अफसर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** माघ मेला के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन के दृष्टिगत शनिवार की रात्रि सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज द्वारा यातायात एवं डायवर्जन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मदाफरपुर मोड़ एवं भूपियामऊ स्थित डायवर्जन प्वाइंटों का भ्रमण कर मौके पर तैनात पुलिस बल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों की तैनाती, सतर्कता तथा यातायात प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी नगर ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देशित



किया कि माघ मेला के दौरान यातायात व्यवस्था को हर हाल में सुचारु रखा जाए, रूट डायवर्जन का प्रभावी ढंग से पालन कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति से तत्परता के साथ निपटा जाए। उन्होंने विशेष रूप से श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मेला क्षेत्र एवं प्रमुख मार्गों पर निरंतर सतर्कता बनाए रखें। जनपद पुलिस द्वारा माघ मेला को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार प्रभावी कार्रवाई भी की जा रही है।

## मारपीट व गाली-गलौज को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** रंजिशन मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के देवली निवासी गुलहसन की पत्नी नसरीन बेगम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो जनवरी को दोपहर करीब सवा बजे उसका बेटा अदनान खॉन बरिस्ता मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। रास्ते में रंजिशन बरिस्ता गांव के जियाउल खान, इरफान खान व इंजमामुल खान पुत्रगण खलील अहमद तथा मो0 कैश पुत्र इमरान उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियो ने उसके बेटे के साथ मारपीट की। आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर परिजनों को जानलेवा धमकी दे रहे हैं। तहरीर के आधार पर लीलापुर पुलिस ने जियाउल समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पुलिस ने वारण्टी को किया गिरफ्तार



**पट्टी।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पट्टी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना पट्टी पुलिस टीम ने एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।उपनिरीक्षक सरनाम सिंह ने हमराह कांस्टेबल केहरी सिंह व कांस्टेबल हरिकेश पाल के साथ क्षेत्र में देखभाल, वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की तलाश के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संतोष उर्फ नन्हे सिंह (45 वर्ष) पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी बींद, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। अभियुक्त को थाना क्षेत्र के अंतर्गत उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेजा जा रहा है। अभियान के तहत आगे भी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## रोमांचक मुकाबले में आशीष इलेवेन को मैच में मिली जीत

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के अझारा वार्ड में अझारा क्रिकेट टूनार्मेंट में रविवार को चैथे दिन आशीष इलेवेन का स्टार स्पोर्टिंग क्लब के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। इसमें आशीष इलेवेन को विजेता का खिताब मिला। आशीष इलेवेन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। दस ओवर में आशीष इलेवेन ने सौ रन का स्कोर खड़ा किया। कड़े मुकाबले में स्टार स्पोर्टिंग क्लब दस ओवरों में निन्यानवे रन बना सकी। मात्र एक रनों से आशीष इलेवेन ने मैच जीत लिया। स्टार स्पोर्टिंग क्लब के बल्लेबाज रोशन सिंह को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच घोषित किया गया। अम्पायर की भूमिका में गिरिजाकांत द्विवेदी व श्रीश पाण्डेय को सराहा गया। स्कोरर ललित मलिंगा व कमेंटेज्टर मनोज मिश्र व रवि मिश्र रहे। टूनार्मेंट के आयोजक धर्मलाल, श्रीश पाण्डेय, अजय मिश्र व विद्याशंकर मिश्र ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस मौके पर दीपेन्द्र तिवारी, आशीष, गणेश मिश्र, राजू पाण्डेय, अश्विनी पाण्डेय, राज सिंह, अभय दुबे आदि रहे।

# मायके पक्ष को बुलाकर बहू ने सास-ननद को पिटवाया, इलाज जारी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** सास-बहू के विवाद से परेशान एक बहू ने कथित तौर पर मायके पक्ष के लोगों को बुलाकर अपनी सास और ननद की लाठी-डंडों से पिटाई करवा दी। घटना में दोनों महिलाएं घायल हो गईं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।बीद मुजाही बाजार निवासी फूलमती (70 वर्ष) पत्नी माताफेर ने आरोप लगाया है कि उनकी बहू दबंग किस्म की है और आए दिन उन्हें प्रताड़ित करती रहती है। इस बात का विरोध उनकी बेटी मधुबाला करती थी, जिससे विवाद बढ़ता चला गया।आरोप है कि रविवार को बहू ने अपने मायके से भाइयों व अन्य रिश्तेदारों को बुला लिया। इसके बाद उक्त लोगों ने मां-बेटी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।घायल




महिलाओं को रविवार दोपहर करीब 3 बजे सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## घर में घुसकर सगी बहनों की पिटाई, पुलिस से की गई शिकायत

**पट्टी।** माता-पिता की गैर मौजूदगी में घर में घुसकर पड़ोसियों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर दो सगी बहनों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बहनों ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जाल्हेंपुर औराई गांव निवासी अंजलि पुत्री संगम लाल गौतम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि रविवार को वह और उसकी बहन घर पर मौजूद थीं, जबकि माता-पिता रिश्तेदारी में गए हुए थे। इसी दौरान पड़ोसी पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और अंजलि के साथ मारपीट करने लगे।घर के अंदर मौजूद छोटी बहन संजना शोर-शराबा सुनकर बाहर आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद दोनों सगी बहनें रविवार दोपहर करीब दो बजे पट्टी कोतवाली पहुंचीं और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने दोनों घायल बहनों को इलाज के लिए भेजते हुए मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवती का अपहरण, चार के खिलाफ केस

**लालगंज।** युवती के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने दो नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के जलेशरगंज निवासी मो0 सुबराती के पुत्र गुलाम मुर्सलीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस दिसंबर को शाम सात बजे उसकी अठारह वषीर्या बेटी शौच के लिए गयी थी। घर वापस न आने पर परिजन परेशान हो उठे। तीन जनवरी को परिजनो को पता चला कि युवती को गांव के ही आरोपी सरवर अली पुत्र अब्दुल खालिक व जमन अंसारी पुत्र मुन्ना अंसारी दो अज्ञात आरोपियो के साथ जबरिया भगा ले गये। पीड़ित ने बेटी के साथ अप्रिय वारदात की भी आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर सरवर समेत चार के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# अशोकपुर में 21 जनवरी को निकलेगी सनातन एकता यात्रा

## छोटी काशी महोत्सव 2026 का होगा भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** छोटी काशी परिवार एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त सहयोग से छोटी काशी महोत्सव 2026 का आयोजन छोटी काशी अशोकपुरमें किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर पट्टी नगर स्थित डाक बंगले में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी अंकित पाण्डेय ने बताया कि भगवान श्रीराम हिंदुत्व के प्राण हैं। अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे सनातन धर्म के प्रति आस्था और एकता को और



मजबूत किया जा सके।कार्यक्रम के विशेष सहयोगी विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नागेंद्र ने छोटी काशी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्यकालीन भारत में यहां के विद्वानों की ख्याति दूर-दूर तक थी। आज सनातन धर्म की रक्षा और जागरण के लिए इसी पावन भूमि को चुना गया है।कोषाध्यक्ष आचार्य पवन पाण्डेय ने जानकारी दी कि21 जनवरी को प्रथम दिवस के अवसर पर सुबह 9 बजे से सनातन एकता यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सनातन धर्म में आस्था रखने वाले बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।वहीं 22 जनवरी को दूसरे दिन सुंदरकांड पाठ, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को माता जानकी प्रसादम् का वितरण किया जाएगा।कार्यक्रम के संरक्षक सुरेंद्र पाण्डेय ह्यलल्लनह्न, अध्यक्ष इंद्रजीत पाण्डेय, उपाध्यक्ष अंकित पाण्डेय, मीडिया प्रभारी राज पाण्डेय, सचिव प्रभाकर पाण्डेय, उपसचिव राजपति पाल, प्रचार मंत्री विवेक पाण्डेय, महामंत्री आशुतोष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पवन पाण्डेय, विधिक सलाहकार चंद्रशेखर पाण्डेय, संजय पाण्डेय, शिव पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, रोशन पाण्डेय सहित समस्त छोटी काशी परिवार के सहयोग से यह आयोजन संपन्न कराया जा रहा है।

# शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वीएस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल चकवनतोड़ में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को और अधिक रोचक, प्रभावशाली तथा छात्र-केंद्रित बनाना रहा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक नितीश कुमार सिंह ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से कक्षा शिक्षण को जीवंत बनाने के आधुनिक तरीके बताए। प्रशिक्षण सत्र के दौरान समूह कार्य, संवादात्मक अभ्यास, प्रस्तुतीकरण एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। टी-ब्रेक एवं नाश्ते के उपरांत नितीश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नई शिक्षा नीति में निहित समग्र शिक्षा, कौशल विकास, मूल्यपरक शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका को सरल भाषा में समझाया, जिससे सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं अत्यंत लाभान्वित हुईं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर राकेश सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम प्रधानाचार्या जया रॉय के कुशल निर्देशन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की और इसे अत्यंत उपयोगी व प्रेरणादायक बताया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यालय में नवाचार, गुणवत्ता और निरंतर शैक्षिक उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।


# रेप का मुकदमा दर्ज होने के बाद बालक की पेड़ पर मिली लाश

**अखंड भारत संदेश**

**महेवाघाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के शिव रतन का पुरा गांव के एक नाबालिग बालक पर शनिवार की शाम को रेप सहित तमाम गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ नाबालिग बालक पर आरोप था कि एक विकलांग युवती के प्रेम संबंधों में वह था और युवती गर्भवती हो गई थी जिस पर शादी का दबाव युवती बना रही थी और बालक ने शादी से इनकार कर दिया जिस पर युवती के परिजनों ने नाबालिग बालक के विरुद्ध रेप का मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमा दर्ज करने के बाद थाना पुलिस बालक को खोजने उसके घर गई थी जिस पर पुलिस के भय से

**रेप का मुकदमा दर्ज होने से आहत बालक ने की आत्महत्या या घटना के पीछे कहानी कुछ और**

बालक घर से बाहर निकल गया था परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे लेकिन बालक का कहीं सुहाग नहीं लगा दूसरे दिन सुबह गांव के बाहर बगीचे के पेड़ में बालक का शव दिखाई पड़ा है बालक का शव मिलते ही हड़कंप मच गया परिवार में कोहराम मच गया घटनास्थल पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवती द्वारा बालक पर रेप का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद पीड़ित होकर



बालक ने आत्महत्या किया है या पूरी घटना के पीछे कुछ कहानी और है यह पुलिस की बड़ी जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के शिव रतन का पूरा गांव निवासी रोहित कुमार उम्र लगभग 16




वर्ष पुत्र शिवदास हाई स्कूल का छात्र है गांव की एक विकलांग युवती ने बालक पर प्रेम संबंधों के बाद शारीरिक संबंध की बात कही और पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बालक के संबंधों से वह गर्भवती हो गई है युवती की तहरीर पर पुलिस ने छात्र रोहित के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी लेकिन इसी बीच पूरी कहानी में नया मोड़ आ गया पुलिस के पहुंचने पर बालक घर से भाग गया था उसके बाद बालक का कहीं पता नहीं चला परिवार के लोग खोजबीन करते रहे रविवार की सुबह गांव के बाहर बगीचे में पेड़ में बालक का शव मिला है बालक की मौत के बाद गांव में हड़कंप बच गया गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए परिवार में भी कोहराम मच गया है चार भाई बहनों में रोहित सबसे बड़ा था उससे छोटा विकास 10 वर्ष बहन सलोनी 8 वर्ष और सबसे छोटा भाई जितेंद्र 6 वर्ष का हाल बेहाल है घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी जनेश्वर प्रसाद पांडे सहित थाना प्रभारी हरीश तिवारी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## क्या घटिया क्वालिटी के कंबलों से दूर होगी गरीबों की ठंड, दिखावा मात्र हुई समाज सेवा

### गरीब मजलूमों को कीड़ा मकोड़ा समझते है नेता, अधिकारी

**अझुवा कौशांबी।** गलन भरी कड़ाके की ठंड में गरीब कमजोर मजलूम लोगों की मदद करने का नेता अधिकारियों को अवसर मिला है लेकिन कड़ाके की ठंड में गरीब कमजोर मजलूम लोगों की मदद करने में भी यह नेता अधिकारी अवसर की तलाश में जुट गए हैं गरीब कमजोर मजलूम लोगों को कम्बल देने के नाम पर वोट बैंक बनाए जा रहे हैं राजनीति साधी जा रही है गरीबों को कम्बल देते वक्त कैमरे के सामने खड़े होकर के फोटो वीडियो बनाई जा रहे हैं सोशल मीडिया में जमकर वाहवाही लूटी जा रही है




लेकिन जिस तरह के घटिया क्वालिटी के कम्बल का वितरण किया जा रहा है कि शायद गरीबों की जरूरत नहीं पूरी हो रही है। वहीं घटिया कम्बल से ठंड जाने का नाम नहीं ले रहा है इस कड़ाके की ठंड में भी गरीबों को कम्बल देने के आड़ में नेता अधिकारी अवसर की तलाश में लगे हैं वितरण किए जा रहे कम्बल की क्वालिटी इतनी अधिक घटिया है कि इस तरह के कम्बल को खुद इस्तेमाल करने की नेता अधिकारी कभी सोच नहीं सकते हैं सवाल उठता है कि गरीब कमजोर और मजलूम लोगों को यह नेता अधिकारी क्या कीड़ा मकोड़ा समझते हैं जो इतना घटिया क्वालिटी का कम्बल इन गरीब कमजोर लोगों को देकर के फोटो वीडियो बनवा करके वाहवाही लूट रहे हैं जिस कम्बल को यह खुद उपयोग नहीं कर सकते हैं जिस सामग्री को खुद उपयोग न किया जाए उसे दूसरे को देकर के धर्म-कर्म और दरिया दिल की बात की जाए इससे ज्यादा इन नेताओं अधिकारियों के अंदर दोगलेपन की बात क्या होगी।हलांकि किसी अधिकारी नेता के सेवा भाव पर उंगली नहीं उठाई जा रही है लेकिन सच्चाई कमोबेश यही है।

## आपराधिक प्रवृत्ति के धमर्राज की यदि पुलिस कर ले निगरानी ...तो गायब नाबालिग दलित बालिका हो जाएगी बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रक्सवारा के एक माजरा से 13 दिन पहले एक दलित नाबालिक बालिका गायब हो गई है इसी दलित नाबालिक बालिका के साथ एक दूसरी नाबालिग दलित बालिका और युवक भी उसी दिन गायब हुआ है दो नाबालिक दलित बालिकाएं और दो युवक साथ में गायब हुए हैं चारों लोग पहले सूरत पहुंचे हैं फिर उसके बाद वह चारों अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं दूसरे गांव वाली दलित नाबालिक बालिका और बड़गांव का एक युवक बरामद हो चुका है दोनों इस समय करारी थाना पुलिस की हिरासत में है लेकिन रक्सवारा के माजरा की दलित नाबालिक बालिका और उसके साथ गायब युवक अभी तक नहीं बरामद हुआ है जब दोनों दलित नाबालिग बालिकाएं गायब हुई तो उसके साथ मौजूद बड़गांव के युवक ने अपने आधार कार्ड के

**नाबालिग दलित बालिका को गायब करने वाले युवक को बेदाग साबित करने के लिए धमर्राज का नाटक शुरू**




जरिए मोबाइल का चार सिम खरीदा था और इस सिम का प्रयोग दोनों युवक और बालिकाएं कर रही है लेकिन युवक के बरामद होने के बाद पुलिस ने उसके आधार कार्ड के जरिए चारों सिम का लोकेशन ट्रेस नहीं किया यदि थाना पुलिस ने बरामद युवक के आधार कार्ड के जरिए खरीदे गए चारों मोबाइल सिम का लोकेशन ट्रेस कर लेती तो शायद रक्सवारा के एक माजरा वाली भी दलित बालिका बरामद हो जाती लेकिन पुलिस ने प्रयास नहीं किया है। बालिका के साथ बरामद युवक के मामले में समझौते करने का दबाव क्षेत्र का एक चर्चित हत्या अभियुक्त धमर्राज समझौते के लिए दूसरी बालिका के परिवार के लोगों से दबाव बना रहा है हत्या के मुकदमे में जेल से जमानत पर बाहर आए धमर्राज का कहना है कि यदि पहले वाली गायब बालिका और युवक के परिवार का समझौता करवा दिया जाए तो दूसरी बालिका बरामद हो जाएगी अपराधिक प्रवृत्ति के धमर्राज का क्षेत्र का आतंक है गांव क्षेत्र के लोगों की बातों को सच माने तो आपराधिक गतिविधियों में वह लगातार लिप्त रहता है लेकिन उसके बाद भी कौशांबी थाना पुलिस ने धमर्राज के विरुद्ध गुंडा एक्ट गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही नहीं की है दोनों गायब बालिकाओं के मामले में लगातार धमर्राज करारी थाने में देखा जाता है जिससे आशंका है कि धमर्राज की साजिश से दूसरी दलित नाबालिक बालिका गायब हुई है और यदि अपराधी प्रवृत्ति के धमर्राज की गतिविधियों पर पुलिस ने नजर लगाई तो जल्द ही दूसरी दलित नाबालिक बालिका बरामद हो सकती है लेकिन धमर्राज पर पुलिस ने अभी अपनी नजर टेढ़ी नहीं की है जिससे 13 दिन बीत जाने के बाद भी नाबालिक दलित बालिका बरामद नहीं हो सकी है बालिका के न मिलने से परिवार के लोग परेशान हैं और लगातार पुलिस की चौखट पर फरियाद कर रहे हैं।

## राजीव यादव नाम का व्यक्ति 7897 108109 मोबाइल नंबर से कर रहा है धन की डिमांड

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से 13 दिन पहले दो दलित नाबालिक बालिकाओं के गायब होने के बाद रक्सवारा के एक माजरा से गायब दलित नाबालिग बालिका के पिता के फोन नंबर पर मोबाइल फोन नंबर 7897108109 से फोन करके शातिर व्यक्ति द्वारा रुपए की डिमांड की जा रही है शातिर व्यक्ति द्वारा यह कहा जा रहा है कि तुम्हारा मुकदमा करारी थाने में दर्ज हो गया है लड़की बरामद हो गई है 16000 रुपए दे दो तो तुम्हारी लड़की तुम्हें मिल जाएगी रुपए की डिमांड करने वाला यह व्यक्ति अपने को करारी थाने की पुलिस बता रहा है जबकि थानेदार करारी का कहना है राजीव यादव नाम का कोई भी व्यक्ति करारी थाने में तैनात नहीं है जिस मोबाइल नंबर से लड़की के पिता को फोन पहुंचा है उस नंबर को यदि ट्रेस किया जाए तो पुलिस के नाम पर वसूली करने वाले इस शातिर का खुलासा हो सकता है पुलिस के नाम पर रकम की डिमांड करने वाले शातिर व्यक्ति का ऑडियो भी वायरल हुआ है।

## सरकारी जमीन का कब्जा बना कॉल, आधा दर्जन से अधिक लहूलुहान

### 3 महीने पहले भी दोनों पक्षों के बीच हो चुका है लड़ाई झगड़ा मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के करारी थाना अंतर्गत पीपरकुंडी गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास हो रहा था लेकिन लेखपाल से लेकर तहसील प्रशासन तक केवल नाटक करने तक सीमित है कब्जा करने वालों पर तहसील प्रशासन ने रोक नहीं लगाई जिससे कब्जा करने वाले लोगों के हौसले बुलंद है और इसी सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर कुछ महीने पहले भी विवाद हो चुका है जिसमें मारपीट भी हुई थी और कुछ लोग चोट भी खाए थे लेकिन पिछली बार मारपीट के बाद पुलिस ने भी कठोर कार्रवाई नहीं की जिससे लोगों के हौसले बुलंद रहे और बताया जाता है कि रविवार को फिर गांव के अमित आदि लोग सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे थे सरकारी जमीन के पीछे समय लाल आदि का खेत है और इसी रास्ते से वह आते



जाते हैं जिस पर समय लाल अपने खेत में आने-जाने के लिए सरकारी जमीन पर निर्माण का विरोध कर रहे थे और कह रहे थे कि रास्ते की जमीन है और रास्ते की जमीन पर निर्माण नहीं होगा रविवार की सुबह सरकारी जमीन पर अमित पक्ष के लोग कब्जा कर रहे थे और कब्जा रोकने की बात को लेकर रविवार की सुबह फिर विवाद शुरू हो गया अमित पक्ष के दर्जनों लोगों ने लाठी डंडा लेकर के समय पक्ष के लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर मारा पीटा है जिससे समय पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग लहूलुहान हो गए हैं मौके पर चीख पुकार मच गई है बचाव करने के लिए लोग गुहार लगाते रहे लेकिन लाठी चलाने वाले दबंग के हौसले इतने बुलंद थे कि गांव का कोई भी व्यक्ति बीच बचाव करने का साहस नहीं कर सका है हालांकि अपने बचाव में समय पक्ष के लोगों ने भी ईट पत्थर फेंक कर मरे हैं जिससे दूसरे पक्ष के भी तीन-चार लोगों को चोट आई है दोनों पक्ष के बीच तनाव इस कदर व्याप्त था कि घंटो लाठी डंडा ईट पत्थर चलता रहा। सरकारी जमीन पर बीते कई महीने से कब्जे के प्रयास के मामले में लेखपाल से लेकर के तहसील प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है सरकारी जमीन पर पहले कब्जे के मामले में तहसील प्रशासन ने कब्जा करने वालों पर कठोर कार्रवाई कर दी होती मुकदमा दर्ज कर दिया होता तो दोबारा सरकारी जमीन कब्जा करने की नौबत ना आती और विवाद के बाद खून खराबा ना होता लेकिन तहसील प्रशासन खून खराबे का इंतजार करती रह गई है दो पक्षों में लाठी चलने के मामले की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंची है और आगे की कार्यवाही कर रही है हमले का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है दोनों पक्ष से कई लोग घायल है मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंची है मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए विवाद को काबू किया दोनों पक्षों के घायल लोगों को कई एंबुलेंस के माध्यम जिला अस्पताल पहुंचाया गया है एक पक्ष के अनिल, दीपक, समय लाल व रिंकी देवी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### अशरफपुर ग्राम में 500 लोगों को बांटे गए कम्बल

**गरीबों के बीच पहुंचे जिला कोऑपरेटिव सहकारी बैंक अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य**

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** दिनों दिन कड़ाके की ठंड बढ़ रही है कमजोर मजलूम गरीब कड़ाके की ठंड से कांप रहे हैं सरकारी व्यवस्थाएं कमजोर दिखाई पड़ रही हैं और महंगाई के दौर में गरीबों के पास गर्म कपड़े पर्याप्त मौजूद




नहीं है जिस पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य ने गरीबों की मदद करने का जिम्मा उठाया है मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अपने निजी ग्राम सभा अशरफपुर में भीषण ठंड में जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य व जिला पंचायत सदस्य रामनरेश पासी ने पांच सौ ग्रामीणों को कम्बल वितरण किया कंबल वितरण किए जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के गांव के गरीब कमजोर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी लेकिन जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष और सदस्य ने किसी को निराश नहीं किया सभी को कम्बल दिया है कंबल मिलने के बाद गरीब कमजोर मजलूम लोगों ने जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है इस मौके पर ग्राम प्रधान पुष्पलता मंडल अध्यक्ष राजन सरोज व पूर्व मंडल अध्यक्ष राम मिलन चौधरी व रामसिंह मौर्य सेक्टर अध्यक्ष रामप्रकाश मौर्य अश्विनी धुरिया हरिमोहन मौर्य आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य केंद्र सुजातपुर का सीएमओ ने किया निरीक्षण गंदगी देखकर भड़के

**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के सुजातपुर में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का रविवार को मुख्य चिकित्साधारी ने निरीक्षण किया अस्पताल परिसर में चारों ओर गंदगी व्याप्त थी निरीक्षण के दौरान गंदगी देखकर सीएमओ स्वास्थ्य कर्मियों पर भड़क




गए हैं उन्हें जमकर फटकार लगाई है इस दौरान उन्हें स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डा.अजय कुमार वर्मा,फार्मासिस्ट रवींद्र सिंह, वार्ड ब्वाय रोहित कुमार व स्वीपर श्रीचंद्र उपस्थित मिले वहीं मौके पर एएनएम अमृत राज अनुपस्थित मिली। अनुपस्थित एएनएम पर भी उन्होंने कठोर नाराजी व्यक्त की है सीएमओ ने अस्पताल के शैक्षिक अभिलेख सहित दवाओं के रखरखाव व सफाई व्यवस्था आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वह अस्पताल परिसर में फैली गंदगी को देखकर भड़क उठे और परिसर को साफ सुथरा रखने का निर्देश देते हुए कहा कि दो दिन बाद मैं पुनः वापस देखने आऊंगा यदि इसमें परिवर्तन नहीं मिला हो करवाई तय है। अस्पताल की बाउंड्रीवाल न होने को लेकर उन्होंने कहा कि विभाग से बाउंड्रीवाल का प्रस्ताव जल्द भेज दिया जाएगा और बजट स्वीकृत होने पर इसका निर्माण कराया जाएगा।

### हथगाम की टीम ने शरीफा बाद की टीम को 16 रन से हराया

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग के डा भीमराव अम्बेडकर क्रिकेट क्लब रामसागर मोहल्ला में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार के मैच में शरीफाबाद और हथगाम के बीच क्रिकेट




मैच खेला गया क्रिकेट मैच रोचक रहा जिसे देखने के लिए क्षेत्र के लोग उमड़ पड़े और ताली बजाकर लगातार खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते रहे हथगाम की टीम ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 107 रन बनाया वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी शरीफाबाद की टीम 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस तरह हथगाम की टीम ने 16 रन से मैच जीत लिया। हथगाम की टीम से आकिब ने निर्धारित तीन ओवर में 20 रन देकर चार विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। मुख्य अतिथि धनराज यादव ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया इस दौरान आयोजक डॉ श्रवण आर्य, विनोद आर्य,संयोजक अंकित मिश्रा नियाज अहमद सिद्दीकी असद सिद्दीकी भानु सरोज,आदर्श गौतम श्रीनाथ रितेश गौतम समरजीत गौतम बिल्लू गौतम संजू गौतम सहित सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

### सड़क पार कर रही दादी पोती को बाइक ने मारी टक्कर महिला सहित 3 गंभीर घायल

**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के इमामगंज शान पेट्रोल पंप के पास सड़क पार कर रही दादी और उसकी पोती को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे दादी पोती दोनों सड़क पर गिर पड़ी हैं और गंभीर रूप से घायल हो गई है इस दुर्घटना में बाइक सवार भी सड़क पर गिर पड़ा और वह भी घायल हो गया



है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं दुर्घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को गई घायल दादी पोती और बाइक सवार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के अकबरा बाद गुहौली गांव निवासी किरण देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी सुखराज रविदास अपनी 3 वर्ष की पोती पारो के साथ लोहरा स्थित एक ईट भट्टे पर मजदूरी करती हैं महिला अपने पोती के साथ किसी काम से भाग कर सड़क पार कर रही थी इसी दौरान मूरतगंज से प्रयागराज की ओर जा रहे बाइक सवार ने दादी पोती को टक्कर मार दिया जिससे दादी पोती दोनों सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गई है इस दुर्घटना में बाइक सवार उमेश कुमार निवासी धाता भी सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

## प्रेम का झांसा देकर संबंध बनाने वाली बालिकाएं युवकों को जेल भिजवा कर जीवन कर रही बर्बाद

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** प्रेम का झांसा देकर पहले दोस्ती करना फिर शारीरिक संबंध बनाना फिर उसके बाद पुलिस की चौखट पर पहुंचकर तरह-तरह की ड्रामेबाजी कर युवक पर आरोप लगाकर उसे जेल भिजवाकर युवकों का जीवन बर्बाद करने का मामला जिले में तेजी से चल रहा है जिससे तमाम युवकों का जीवन बर्बाद हो रहा है लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति इस तरह से है की बालिकाएं कुछ भी कहें सब कुछ उनकी बातें सत्य साबित होती हैं जबकि हकीकत की घटनाएं कुछ और होती हैं पहले संपर्क बनाने के बाद प्यार और दोस्ती की बातें होती हैं साथ जीने मरने की कसम खाई जाती है युवकों के दौलत पर गुलछर्रे उड़ाए जाते हैं उसके बाद शारीरिक संबंध स्वेच्छा से बनाए जाते हैं और जब शारीरिक संबंध बन जाते हैं तो उसके बाद उसे बलात्कार की परिभाषाएं देकर के ब्लैक मेलिंग शुरू होती है लाखों की धन संपत्ति मांगी जाती है जीवन भर साथ रखने की बात की जाती है और जब किसी भी बात पर युवक तैयार नहीं हुआ तो फिर पुलिस की चौखट पर रो रो कर फरियाद शुरू होती है कि इस युवक ने तो हमारा जीवन बर्बाद कर दिया और फरियाद के बाद युवक पर मुकदमा दर्ज करा कर उसे जेल भिजवा दिया जाता है इसी तरह का एक मामला फिर मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में देखने को मिला है जिले में दिनांक 29.10.2025 को थाना मंझनपुर पर एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त सत्यम मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया है प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंझनपुर पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ पुलिस ने बालिका को बरामद कर लिया पीड़िता के बयान व सक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 65(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गयी थी । उपरोक्त क्रम में दिनांक 03.01.2026 थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सत्यम कुमार पुत्र स्व0 जगेश्वर निवासी शिवपुर बसोहनी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## स्वास्थ्य विभाग का विभीषण कौन निरीक्षण के पूर्व भंग कर रहा गोपनीयता

**जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायअकिल,कनैली व सिराथू का रात्रि में किया आकस्मिक निरीक्षण**



**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग का वह विभीषण कौन है जो औचक निरीक्षण के पूर्व पूरी कार्यवाही की गोपनीयता को भंग कर कामचोर स्वास्थ्य कर्मियों को सचेत कर देता है जिससे निरीक्षण के दौरान भी कामचोर स्वास्थ्यकर्मियों और डाक्टरों की करतूत उजागर नहीं हो पाती और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं हो पता है स्वास्थ्य विभाग के उस विभीषण को चिन्हित कर उसे कठोर दंड दिए जाने की जरूरत है जो लगातार स्वास्थ्य विभाग के औचक निरीक्षण की गोपनीयता को भंग कर काम चोर स्वास्थ्य कर्मियों और कामचोर चिकित्सकों को जहां बचाव कर रहा है वहीं स्वास्थ्य व्यवस्था को चौपट करने में अहम रोल अदा कर रहा है डीएम के निर्देश पर औचक निरीक्षण के बाद फिर हकीकत से पर्दा नहीं उठ सका है जबकि सच्चाई यह है कि रात को छोड़िए साहब दिन में भी अधिकतर सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य कमी और डॉक्टर मौजूद नहीं रहते हैं। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार व उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायअकिल (एफ.आर.यू.) एवं जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य व प्रभारी चिकित्साधिकारी मंझनपुर नीरज कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू (एफ.आर.यू.) तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार व जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली (एफ.आर.यू.) का कल रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण कर रात्रिकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने आकस्मिक निरीक्षण में अस्पताल में इमरजेंसी चिकित्सा अधिकारी की सुविधा, प्रसव की सेवा एवं लैब टेस्ट की 247 की सुविधा, सी. सेक्शन की सुविधा, ठंड के दृष्टिगत मरीजों के लिए वार्ड में हीटर की सुविधा, मरीजों के साथ व्यवहार एवं मरीज के लिए आर.ओ. पानी की सुविधा को देखा गया, इन सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्थाएं ठीक पाई गई।

## पीएचसी मूरतगंज भरवारी में आयोजित आरोग्य स्वास्थ्य मेले का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**हररायपुर कौशांबी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरवारी में आयोजित आरोग्य स्वास्थ्य मेले का मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने रविवार को आकस्मिक निरीक्षण किया।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के समय दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर सहित स्टाफ उपस्थित थे तथा भरवारी में 27 मरीज एवं मूरतगंज में 52 मरीज का आज इलाज किया गया। उन्होंने उपस्थित दोनों डॉक्टरों को निर्देश दिए की मेले के प्रचार प्रसार के लिए अस्पताल के मुख्य गेट पर भी आरोग्य मेले का बैनर लगाया जाए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरवारी में डिलीवरी रूम में स्थित शौचालय की स्थिति ठीक न पाए जाने पर चिकित्सक को शौचालय की तत्काल मरम्मत



कराने और अस्पताल में डिलीवरी वार्ड में हीटर की व्यवस्था भी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं कमर्चारी के ड्रेस में न पाए जाने पर निर्देशित किया कि सभी डॉक्टर एवं स्टाफ अस्पताल के ड्रेस में ड्यूटी पर उपस्थित रहे मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि एच.आर.पी. महिलाओं को रजिस्टर में अंकित किया जाय, जिससे प्रसव के समय,उनकी पहचान करके विशेष निगरानी की जा सके। उन्होंने अवशेष सभी लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड जनवरी माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी से समन्वय कर अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित किया जाए।

## सम्पादकीय

### पत्रकार से अभद्रता और सही जवाब

**पुराने** साल के बीतने और नए साल के आने के दरम्यान मध्यप्रदेश से एक अच्छी और एक बुरी खबर आई। बुरी खबर यह कि देश के स्वच्छतम शहरों में शुमार राज्य की आर्थिक राजधानी इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी की वजह से फैले संक्रमण ने गंभीर रूप ले लिया है। पिछले लगभग एक हफ्ते से दूषित पानी से बीमार होने की खबर आ रही थी। फिर पता चला कि मुख्य जल आपूर्ति लाइन में लीकेज के कारण सीवरेज का पानी मिलने से सैकड़ों लोग उल्टी-दस्त के शिकार हो गए हैं। कम से कम 13 लोगों की तो जान ही जा चुकी है और कई अब भी अस्पताल में भर्ती हैं।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में लगातार भाजपा का शासन बना हुआ है। 2018 में कांग्रेस ने चुनाव जीता भी था, लेकिन कमलनाथ सरकार को ज्योतिरादित्य सिंधिया की मदद से भाजपा ने गिरवा दिया और फिर से अपनी सरकार बना ली। इंदौर के सभी 9 विधायक भाजपा से हैं, सांसद भी भाजपा के हैं, महापौर भी भाजपा के हैं और सबसे बढ़कर शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी भाजपा से ही हैं। इसके बावजूद अगर इतने लोग दूषित जल से मर जाएं, तो फिर नैतिकता यही कहती है कि जिम्मेदार लोगों को फौरन इस्तीफे की पेशकश कर देनी चाहिए। लेकिन मोदीजी के नए भारत में इस्तीफे नहीं होते, ये बात तो खुद राजनाथ सिंह कह चुके हैं। इस नए भारत में जनप्रतिनिधि मीडिया को सवाल पूछने का हक भी नहीं देते हैं, यह बात भी अब मोदी सरकार को और भाजपा को आधिकारिक तौर पर कह देनी चाहिए। क्योंकि लगातार ऐसे प्रकरण हो रहे हैं जिसमें सवाल पूछने वाले पत्रकार से बदसलूकी हो रही है। तो इस बुरी खबर के बीच अच्छी खबर ये है कि भाजपा भले ही सवाल पूछने का हक न दे, लेकिन देश में अभी कुछ पत्रकार बचे हैं जो न केवल सवाल पूछ रहे हैं, बल्कि मंत्री की तरफ से गलत भाषा के इस्तेमाल पर खुल कर विरोध भी कर रहे हैं। दरअसल कैलाश विजयवर्गीय से एनडीटीवी के पत्रकार अनुराग द्वारी ने दूषित जल प्रकरण पर सवाल किए तो उन्होंने झल्लाते हुए कहा कि फोकट के प्रश्न मत पूछो, श्री द्वारी इस पर भी नहीं रुके और उन्होंने प्रतिवाद किया, साथ ही कहा कि मैं वहां होकर आया हूं, तो उन्होंने कहा कि क्या घंटा होकर आए हो। इस निम्नस्तरीय भाषा पर अनुराग द्वारी ने कैलाश विजयवर्गीय को सीधे-सीधे भाषा की तमीज का पाठ पढ़ा दिया और कहा कि वो अपना काम कर रहे हैं, हालांकि इसके बाद भी श्री विजयवर्गीय के साथ के लोगों ने अनुराग द्वारी को ही रोकने की कोशिश की कि हमारे नेता हैं, उनसे ऐसी बात नहीं की जा सकती। दरअसल मोदी-शाह के युग की भाजपा के कई नेताओं को यह खुशफहमी है कि उनसे सवाल नहीं किया जा सकता, या उनकी सरकार की खामियों पर टोका नहीं जा सकता। पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने अमेठी में एक पत्रकार को डपटते हुए कहा था कि मैं आपके मालिक से बात करूंगी। ये सीधे-सीधे पत्रकार को धमकी ही थी और इसमें जितनी गलती नेता की है, उतनी ही गलती उन मीडिया मालिकान की भी है, जो सत्ता से नजदीकी बढ़ाकर अपने लिए वित्तीय, सियासी या अन्य किस्मों के लाभ लेते हैं ।

# गिग-वर्कर्स: डिजिटल सुविधा की चकाचौंध में पसीने का अंधेरा

-ललित गर्ग-

**ऑनलाइन** बाजार और त्वरित सेवाओं के इस दौर में गिग-वर्कर्स शहरी जीवन-व्यवस्था की वह अदृश्य रीढ़ बन चुके हैं, जिनके बिना ह्वदस मिनट में डिलीवरीह्ल और ह्वएक क्लिक पर सुविधाह्ल की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बाजार आने-जाने के झंझट से लोगों को मुक्त करने वाले ये युवा हर मौसम, हर समय और हर जोखिम में घर-घर सामान पहुँचाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिनके श्रम पर डिजिटल अर्थव्यवस्था की ऊँची इमारत खड़ी है, वही श्रमिक सबसे अधिक असुरक्षा, शोषण और उपेक्षा झेल रहे हैं। नये साल की पूर्व संध्या पर गिग-वर्कर्स द्वारा की गई हड़ताल ने भले ही देशव्यापी आपूर्ति-श्रृंखला को ठप न किया हो, लेकिन इसने उनकी बदहाल कार्य-परिस्थितियों की ओर देश का ध्यान अवश्य खींचा है। यह हड़ताल किसी राजनीतिक उकसावे का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार बढ़ते काम के दबाव, घटते मेहनताने, नौकरी की अनिश्चितता और सम्मान के अभाव की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी।

अपना व परिवार का पोषण करने वाले इन युवा गिग-वर्कर्स को अकसर सरपट दौड़ती मोटरसाइकिलों पर, भारी थैलों के साथ ऊँची इमारतों की सीढ़ियाँ चढ़ते देखा जा सकता है। समय सीमा का दबाव इतना तीव्र होता है कि जरा-सी देरी पर आर्थिक दंड झेलना पड़ता है। दुर्घटना, बीमारी या तकनीकी गड़बड़ी-किसी भी स्थिति में उनकी आय पर सीधा असर पड़ता है। ग्राहकों का व्यवहार भी प्रायः असंवेदनशील होता है। देर होने पर झिड़कियाँ, सामान में कमी निकालकर अपमान, कभी-कभी हिंसक व्यवहार और रेटिंग के जरिये भविष्य की कमाई पर प्रहार-यह सब इनके रोजमर्रा का हिस्सा है। इसके बावजूद औसतन 12-14 घंटे काम करने के बाद भी सात-आठ सौ रुपये की आय और वह भी बिना समुचित बीमा या सामाजिक सुरक्षा के एक गहरे शोषण की ओर इशारा करती है।

गिग वर्कर्स वे लोग होते हैं जो पारंपरिक नौकरी के बजाय अस्थायी, लचीले और स्वतंत्र रूप से छोटे-छोटे काम (गिग्स) करते हैं, जो अक्सर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे ऊबर, स्वीग्गी, जोमाटोज़ या अन्य ऐप्स के जरिए मिलते हैं और इन्हें प्रति कार्य या प्रोजेक्ट के हिसाब से भुगतान मिलता है, न कि नियमित वेतन. इन श्रमिकों के पास कोई स्थायी रोजगार अनुबंध नहीं होता और वे खुद के बॉस की तरह काम करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक सुरक्षा (जैसे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन) जैसे लाभ नहीं मिलते। गिग वर्कर्स की चुनौतियाँ एवं मजबूरियां ज्यादा है, आय कम। आय की अनिश्चितता, सामाजिक सुरक्षा लाभों (जैसे बीमारी, दुर्घटना, पेंशन) का अभाव, श्रम अधिक-भुगतान कम, कामकाजी घंटों और मजदूरी को लेकर अक्सर विवाद। गिग वर्कर्स गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं, जहाँ वे अपनी मर्जी से छोटे-छोटे, अस्थायी काम करके पैसे कमाते हैं, जो पारंपरिक 9-से-5 की नौकरी से अलग होता है। गिग वर्कर का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति जो आमतौर पर सेवा क्षेत्र में एक स्वतंत्र ठेकेदार या फ्रीलांसर के रूप में अस्थायी काम करता है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से कमाई करता है।

निस्संदेह, गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन की अपनी क्षमता दिखाई है। आज भारत में गिग-वर्कर्स की संख्या सवा करोड़ से अधिक है और अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक पहुँच सकती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि बेरोजगारी के बढ़ते दौर में पढ़े-




लिखे युवा इस व्यवस्था में ह्वविकल्पह्ल के रूप में नहीं, बल्कि ह्वमजबूरीह्ल में प्रवेश कर रहे हैं। जिस देश को युवाओं का देश कहा जाता है, वहाँ शिक्षित युवाओं का अस्थायी, असुरक्षित और सम्मानहीन श्रम-व्यवस्था में फँसना न केवल चिंताजनक, बल्कि शर्मनाक भी है। यह स्थिति बताती है कि हमारी विकास-नीतियाँ रोजगार की गुणवत्ता पर नहीं, केवल संख्या पर केंद्रित हैं। गिग-वर्कर्स की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कंपनियाँ उनसे पूरा काम लेती हैं, लेकिन उन्हें पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के दायरे में स्वीकार नहीं करतीं। उन्हें ह्वस्वतंत्र कामगारह्ल कहकर नियुक्ति, स्थायित्व, बीमा और न्यूनतम वेतन जैसी जिम्मेदारियों से बचा जाता है।

हायर एंड फायर की नीति, एल्गोरिदम आधारित नियंत्रण, रेटिंग सिस्टम और प्रोत्साहन के नाम पर लालच-ये सब मिलकर एक ऐसी अदृश्य जकड़न पैदा करते हैं, जिसमें श्रमिक स्वतंत्र दिखता है, लेकिन वास्तव में पूरी तरह नियंत्रित होता है। हड़ताल के दौरान भी अतिरिक्त प्रोत्साहन देकर या ऑर्डर बढ़ाकर श्रमिक एकता को कमजोर कर दिया जाता है। 31 दिसंबर को एक प्रमुख खाद्य वितरण कंपनी द्वारा रिकॉर्ड ऑर्डर दर्ज किया जाना इसी विडंबना को उजागर करता है। हाल के दिनों में संसद में भी गिग-वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठा है। सांसद राघव चड्ढा और मनोज कुमार झा जैसे नेताओं ने इस वर्ग की दयनीय स्थिति पर ध्यान दिलाया है। यह स्वागतयोग्य है, क्योंकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में जब तक इन श्रमिकों की आवाज शामिल नहीं होगी, तब तक सुधार अधूरे रहेंगे। भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान वास्तव में गिग-वर्कर्स के जीवन में ठोस बदलाव ला पाएँगे? या फिर ये केवल कागजी सुधार बनकर रह जाएँगे? जब तक न्यूनतम आय, कार्य-घंटों की सीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इन सुधारों को परिवर्तनकारी नहीं कहा जा सकता।

31 दिसंबर की हड़ताल भले ही पूरी तरह सफल न रही हो, लेकिन वह नैतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह जायज थी। यह हड़ताल व्यवस्था को बाधित करने से अधिक, व्यवस्था के भीतर छिपे अन्याय, शोषण की वृत्ति एवं दोगलेपन को उजागर करने का प्रयास थी। गिग-वर्कर्स ने यह संदेश दिया कि वे केवल ह्वडिलीवरी बॉयह्ल नहीं, बल्कि श्रमशील नागरिक हैं, जिनके अधिकारों की अनदेखी अब और नहीं की जा सकती। निश्चित ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य गिग-वर्कर्स के बिना संभव नहीं है। इसलिए यह जरूरी है कि नीति-निमार्ता, कंपनियाँ और उपभोक्ता-तीनों अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करें। कंपनियों को लाभ के साथ जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी होगी, सरकार को कानूनों का सख्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा और उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ संवेदनशीलता भी अपनानी होगी। यदि हम गिग-वर्कर्स को केवल सुविधा का साधन मानते रहे और उन्हें सम्मान, सुरक्षा व स्थायित्व नहीं दिया, तो यह केवल श्रमिकों का नहीं, बल्कि हमारी विकास-कल्पना का भी संकट होगा। विकसित भारत, उन्नत भारत एवं समृद्ध भारत के नाम पर एक बदनुमा दाग होगा। डिजिटल भारत की असली परीक्षा यही है कि वह अपने सबसे तेज दौड़ने वाले श्रमिकों को कितना सुरक्षित और सम्मानित जीवन दे पाता है।

तेजी से फैलती ऑनलाइन सेवाओं की दुनिया में गिग-वर्कर्स की कार्य-सेवाओं को अब अनौपचारिक नहीं, बल्कि नियोजित, मान्यताप्राप्त और सम्मानजनक श्रम के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनकी मेहनत का उचित और सुनिश्चित भुगतान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियाँ और सामाजिक सुरक्षा कोई दया नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, जिसमें सरकार को निर्णायक हस्तक्षेप करना ही होगा। मुनाफे की अंधी दौड़ में लगी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को यह समझना होगा कि श्रम केवल लागत नहीं, बल्कि व्यवस्था की आत्मा है।

# भारतीय रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा करनी चाहिए

नन्तू बनर्जी

**सरकार** को दीर्घावधि सीधा पूंजीनिवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए, जैसा कि उसने हाल ही में बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी इक्विटी के मामले में किया था। भारत में लगभग सभी विदेशी मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस कंपनियों को लगातार अच्छी आर्थिक वृद्धि और उच्च घरेलू खपत का फायदा होने के बावजूद, देश में नेटएफडीआई आप्रवाह कमजोर बना हुआ है।




भारत के लिए अपनी मेहनत से कमाए गए विदेशी मुद्रा भंडार को रुपये के विनिमय मूल्य को अस्थायी रूप से बचाने के लिए खर्च करना समझदारी नहीं है। असल में, अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपये की गिरावट ने देश की प्रभावशाली आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डाला है, कम से कम अभी के लिए। इसके विपरीत, इसने निर्यात को सस्ता और आयात को महंगा कर दिया है। इससे देश को अपने कुल बड़े वार्षिक व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिलनी चाहिए, हालांकि चीन से सस्ती गैर-जरूरी वस्तुओं का बढ़ता आयात एक बड़ी चिंता बनी हुई है।

2025 में देश की निर्यात वृद्धि में सकारात्मक गति दिखी। 2025 के अंत में, विशेष रूप से नवंबर में, साल-दर-साल महत्वपूर्ण उछाल के साथ, माल के लिए यह लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पादों और सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों द्वारा संचालित है। कुछ वैश्विक व्यापार चुनौतियों के बावजूद, अप्रैल-नवंबर अवधि के लिए निर्यात में पांच प्रतिशत से अधिक की संचयी वृद्धि हुई। भारत को अपने रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बारे में तब तक बहुत अधिक चिंतित नहीं होना चाहिए जब तक कि यह आर्थिक विकास को नुकसान न पहुंचाए।

भारत के केंद्रीय बैंक ने दिसंबर के दौरान मुद्रा बाजारों में आक्रामक रूप से हस्तक्षेप किया, रुपये को सहारा देने के लिए डॉलर बेचे, जो मुद्रा दर में एकतरफा गिरावट को रोकने के अपने पहले के कड़े प्रयासों की याद दिलाता है। इंटरबैंक ऑर्डर मैचिंग सिस्टम पर रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.75 के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो हस्तक्षेप से पहले देखे गए लगभग 91.00 रुपये प्रति डालर से कम था। यह आखिरी बार 90.28 पर कारोबार कर रहा था। अप्रैल, 2025 से भारतीय रुपये की गिरावट ने अमेरिकी डॉलर की अपनी गिरावट को पीछे छोड़ दिया है। अक्टूबर में, भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये को सहारा देने के लिए 11.9 अरब डालर की शुद्ध बिक्री की।

जैसा कि पहले भी हुआ है, यह केवल अस्थायी रूप से प्रभावी साबित हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप रुपये की गिरावट को रोकने में विफल रहा है। 2025 में रुपये के विनिमय मूल्य ने अमेरिकी डॉलर की तुलना में यूरो (21 प्रतिशत), पाउंड स्टर्लिंग, ऑस्ट्रेलियाई डालर, जापानी येन और यूएई के दिरहम जैसी अन्य प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले बहुत बड़ा नुकसान दिखाया। हो सकता है कि भारतीय निर्यातकों के लिए इन बाजारों में भारतीय सामान और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से कोशिश करने का समय आ गया है, और साथ ही रुपये में महंगी गैर-जरूरी आयातों को भी नियंत्रित किया जाए।

इसी समय, यह भी समझना चाहिए कि भारतीय रिजर्व बैंक लगातार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, जिसमें दिसंबर के तीसरे सप्ताह में 1.68 अरब डालर की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई, जिससे यह 688.94 अरब डालर तक पहुंच गया। यह मुख्य रूप से सोने की अधिक होल्डिंग और विदेशी मुद्रा संपत्तियों में मामूली वृद्धि के कारण हुआ। देश का सोने का भंडार काफी मजबूत हुआ, जो विविधीकरण रणनीति को दशार्ता है। स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) और आईएमएफ रिजर्व स्थिति में भी थोड़ी बढ़ोतरी देखी गई। पिछले सितंबर तक, भारतीय रिजर्व बैंक के पास लगभग 880 टन सोना था, जिसका एक बड़ा हिस्सा (लगभग 575.8 टन) अब भारत में घरेलू स्तर पर रखा गया है - जो भंडार को देश में लाने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है - जबकि लगभग 290.3 टन बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास है। यह बढ़ा हुआ घरेलू भंडारण वैश्विक वित्तीय अनिश्चितताओं के बीच संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए एक रणनीतिक कदम को दशार्ता है, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मार्च 2023 से 274 टन सोना वापस लाया गया है।

2025 के साल के दौरान भारतीय बाजार से बड़े पैमाने पर हॉटमनी के बाहर निकलने के कारण ही भारतीय रुपये के विनिमय मूल्य में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।

# आशंकाओं के बीच अच्छा गुजरा साल

अरविन्द मोहन

**हमारे** लिए आर्थिक मोर्चे पर वर्ष 2025 जितनी आशंकाओं के साथ शुरू हुआ था, अब उतने ही अपेक्षाकृत अच्छे परिणामों के साथ समाप्त हुआ है। सिर्फ आर्थिक विकास की दर ही नहीं अर्थव्यवस्था के अनेक मोर्चों पर हमारा प्रदर्शन ठीक रहा है और कुछ बहुत ही शुभ बदलाव दिख रहे हैं पर कई मामलों में हमारी कमजोरियां भी जाहिर हो रही हैं और उनको दुरुस्त करने की कोशिशें नहीं हुईं तो अभी दिख रही गुलाबी तस्वीर को धूमिल होने में देर नहीं लगेगी। मुश्किल यह है कि शिकायत सरकार से है, तारीफ का हकदार हमारे किसान और उद्यमी हैं। लेकिन कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है और पहली बार कुछ बहुत ही धनात्मक बदलाव दिखे है। इस साल अनेक कारणों से देश में हुए विदेशी निवेश में कमी देखने को मिली और काफी पूंजी बाजार से वापस ले ली गई। लेकिन ऐसा पहली बार हुआ कि देसी पूंजी ने आकर उस कमी की भरपाई कर दी और देश की निर्भरता कम हुई। इसके कारणों को देखना होगा और बढ़ावा भी देना होगा।




सबसे अच्छी बात हुई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बकवास फैसलों का बेअसर हो जाना। उनके राष्ट्रपति बनने के साथ ही वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं का दौर शुरू हुआ जो उनके चुनाव अभियान में कही बातों को लेकर था। हमारे यहां भी पहलगाम के आतंकी हमले के बाद हुई सैन्य कार्रवाई के दौरान उन्होंने जिस तरह दखल दिया और फिर उस सवाल को नरेंद्र मोदी तथा भारत को अपमानित करने के लिए इस्तेमाल करते रहे उससे काफी चिंता रही। भारत ने जब थोड़ा सख्त रवैया अपनाया तो उन्होंने हमारे कई उत्पादों पर भारी सीमा शुल्क और उसके ऊपर पेनाल्टी लगा दिया। वे रूस से सस्ता तेल खरीदने के हमारे फैसलों को बहाना बना रहे थे लेकिन अमेरिका यूरोप समेत काफी सारे देश ऐसा कर रहे थे। असल में उनकी तरफ से अपने कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए हमारे बाजार खुलवाने का दबाव था जबकि हम ऐसा नहीं कर सकते थे। अब खुद ट्रम्प कितना बदले और कितने फैसले वापस लिए इसका हिसाब दुनिया लगा रही है पर हमारे यहां लगे प्रतिबंध अभी नहीं उठे हैं। अच्छी बात यह हुई कि हमारा निर्यात ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ और न हमारा चालू खाते का घाटा बढ़ा।

डालर और अन्य महत्वपूर्ण मुद्राओं का मूल्य बढ़ना इससे जुड़ा नहीं है लेकिन यह हमारे मौद्रिक प्रबंधन की कमजोरी बताता है और इस तर्क का कोई मतलब नहीं है कि महंगा डालर हमारे निर्यात को बढ़ाता है। आज दुनिया जितनी खुली है और एक मुद्रा के रूप में डालर जिस स्थिति में है उसमे उसका महंगा होना हमें कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। चालीस रुपए के डालर की बात करने वाले नरेंद्र मोदी के शासन में अगर डालर नब्बे पार चला जाए तो यह चिंता की बात है। महंगा तो सोना भी बहुत हुआ है लेकिन उसमें सरकार के पास करने को ज्यादा कुछ नहीं है। विश्व स्तर पर बैंकों से सोने की खरीद बढ़ाने से यह स्थिति आई है जो स्थिरता के लिए ऐसा कर रहे हैं। चांदी की तेजी उससे ज्यादा है और इसमें सरकार ने जिस तरह कई बार वायदा कारोबार पर मार्जिन-पड़ता राशि बढ़ाकर अपनी कमाई बढ़ाई है उसने सट्टेबाजी को बढ़ावा दिया है। एक दिन में दस से 15 फीसदी का उतार-चढ़ाव सिर्फ सट्टेबाजी से आता है और हमारा वायदा कारोबार यही कर रहा है। यहां चांदी ही नहीं, काफी सारे जींस भी उपलब्ध कुल स्टाक से कई गुना ज्यादा सिर्फ मुंहबोली खरीद-बिक्री का माध्यम बनते हैं।

# भदोही इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा गोपीगंज वृद्ध आश्रम में मुफ्त में किया गया इलाज

अखंड भारत संदेश

**भदोही । इंडियन** रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही शाखा द्वारा गोपीगंज स्थित वृद्ध आश्रम में आज वृद्ध जनों का के नेत्रों की जांच की गई और उनका उपचार किया गया। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक दवाएं भी उन्हें प्रदान की गई ।? 47 वृद्धों के को चश्मे की आवश्यकता महसूस की गई, उन्हें शीघ्र ही चश्मा रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही शाखा की ओर से निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। वृद्धों को चश्मा प्रदान करने के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी के अनेक सदस्यों ने सहयोग किया है । उनके सहयोग से ही यह चश्मा उन्हें प्रदान किया जाएगा। वृद्ध जनों के नेत्रों की जांच डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव ने की और दवा भी प्रदान की। इस अवसर पर सचिव डॉक्टर भारतेंदु द्विवेदी ने कहा कि वृद्धों की सेवा से हमें आत्म संतुष्टि प्राप्त हो रही है। चश्मे की सहायता से वे अब अच्छी तरह से देख सकेंगे।? नेत्र ज्योति अवश्य अंग है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह ने रेड क्रॉस के उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वृद्ध आश्रम के संयोजक प्रदोष पंडा ने रेड क्रॉस के इस कार्य की सराहना करते हुए रेडक्रास के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोहम्मद इरशाद खान, अरविंद भट्टाचार्य, सौरभ जयसवाल, डॉक्टर उर्मिला, माबूद खान , अभय श्रीवास्तव संजय कुमार जायसवाल, विनोद कुमार गुप्ता आदि रेड क्रॉस के सदस्य उपस्थित रहे। रेड क्रॉस सोसाइटी के इस कार्य से वृद्ध जनों में प्रसन्नता का भाव दिखाई पड़ा।

# बूथ समायोजन व एसआईआर प्रक्रिया पर तहसील सभागार में समीक्षा बैठक, एसडीएम ने साझा की विस्तृत कार्ययोजना

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद तहसील सभागार में एक सभा का आयोजन उपजिलाधिकारी डॉ हर्षिता तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।आगामी निर्वाचन को सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय तहसील सभागार में बूथ समायोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान एसडीएम डॉ. हर्षिता तिवारी ने बूथ समायोजन की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि समायोजन के बाद नवसृजित बूथों का गठन, उनके क्षेत्र का निर्धारण तथा मतदाता सूची का अद्यतन कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं की सुविधा बढ़ाना और मतदान व्यवस्था को अधिक सुचारु बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने आगामी एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। डॉ. तिवारी ने बताया कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक और अद्यतन करना है, ताकि



कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रह जाए और अपात्र नामों को सूची से हटाया जा सके।एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए निर्धारित फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 का अधिकाधिक उपयोग कराया जाए। इस अवसर पर सभी राजनीतिक दलों और उपस्थित प्रतिनिधियों को फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए गए।बैठक के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा मतदाता सूची, बूथों के क्षेत्र निर्धारण एवं प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न प्रश्न उठाए गए, जिनका एसडीएम डॉ. हर्षिता तिवारी ने संतोषजनक उत्तर देते हुए समाधान किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि बूथ समायोजन और एसआईआर की समस्त कार्यवाही निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराई जाएगी।अंत में एसडीएम ने कहा कि निर्वाचन की सफलता प्रशासन और राजनीतिक दलों के आपसी समन्वय पर निर्भर करती है।

# सावित्री बाई फुले ने देश की बेटियों को दिलाया था शिक्षा का हक : सनेही

## आभास महासंघ ने किया विचार गोष्ठी व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही के नेतृत्व में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस व माता सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन एवं डाक्टर भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजत किया गया। साथ ही प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से ग्राम पंचायत कोठिलिहाई तहसील मानिकपुर जनपद चित्रकूट में मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल सिंह पटेल सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, मुख्य अतिथि सतेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि मानवेन्द्र कुमार एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने किया। डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने करवाया था, जिसमें 49 बच्चों ने प्रतिभाग किया गया था, उन 49 बच्चों में से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सील्ड, प्रमाण पत्र व पेन वितरण समारोह किया गया है, व 10 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल व प्रमाणपत्र व पेन देकर सम्मानित किया जाना सुनिश्चित किया गया था।



डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उच्च कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई कक्षा 7 का छात्र अनिकेत कुमार पुत्र उदयभान स्थान, व कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई कक्षा 6 की छात्रा अल्पी देवी पुत्री अखिलेश सिंह द्वितीय स्थान व कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई कक्षा 4 की छात्रा अंशिका पुत्री नरेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया है, इन तीनों प्रतिभागी बच्चों को हमारे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि मानवेन्द्र कुमार व अध्यक्षता हीरालाल सिंह पटेल ने सील्ड व प्रमाण पत्र व एक एक पेन व देकर सम्मानित किया है। सांत्वना पुरस्कार में रागिनी, रितेश कुमार ,इशांत , निखिल वर्मा, अवनीश सिंह, मोहित सिंह, रचना देवी, विष्णु,साहिल, मानसी इन 10 बच्चों व बच्चियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है।

इन सांत्वना पुरस्कार पाने वाले बच्चों को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जानकीशरण प्रजापति, रामकुमार सर ,शत्रुघन सक्सेना, प्रियंका वर्मा, गोमती, रमा, रामसिंह पटेल, अशीष जाटव, अमित कुमार, विजय बहादुर, कुशल चैधरी, कैलाश चंद्र आदि वक्ताओं ने मेडल व प्रमाणपत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि भारत के मूल निवासियों के द्वारा 1 जनवरी 1818 ईस्वी में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया (महार रेजीमेंट) और मराठा समाज के पेशवाओं के बीच भीमाकोरे गांव में यह संघर्ष हुआ था, जिसमें बाजीराव द्वितीय के नेतृत्व में 28000 पेशवाओं की फौज तथा महार रेजीमेंट के 500 शूरवीर महापुरुषों के द्वारा संघर्ष हुआ था, जिसमें महार रेजीमेंट ने युद्ध जीत लिया था, यह विश्व का सबसे बड़ा युद्ध था जिसमें भारत देश में हजारों साल से सताए हुए, दबे, कुचले ,शोषित, वंचित समाज जातीय जुल्म को सहते हुए भारत के मूलनिवासियों ने महार रेजीमेंट में शामिल होकर पेशवाईयों को भीमा कोरेगांव में 1 जनवरी 1818 को हराकर जवाब दिया था, लेकिन इस युद्ध में यह साफ हो गया कि अगर भारत के शोषित पीड़ित वंचित समाज को संपूर्ण हक और अधिकार मिल जाए तो पूरे विश्व पर अधिकार कर लेंगे, उसी समय महार रेजिमेंट को अंग्रेजों द्वारा समाप्त कर दिया, दिनेश कुमार सनेही आगे कहते हैं कि हमारी मांग है कि महार सूरवीरों के अदम्य साहब व रावणकौशल को देखते हुए महार रेजीमेंट को पुनः स्थापित किया जाए..

आगे दिनेश कुमार सनेही माता सावित्रीबाई फुले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहते हैं कि माता सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती एक जयंती नहीं है,यह उस क्रांति की याद है,जिसने भारत की बेटियों को पढ़ने का हक दिलाया,जब लड़कियों को स्कूल की शिक्षा देना पाप माना जाता था,जब एक महिला का समाज के विरुद्ध जाना पाप था, तब जाकर एक औरत खड़ी हुई जिसका नाम सावित्रीबाई फुले था,उन्होंने 1848 में भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला था, प्रतिदिन जब वो बच्चों को पढ़ने विद्यालय जाती थी, तो रास्ते में जातिवादी व्यवस्था मानने वाले लोग उन पर कीचड़ फेंकते उन्हें गालियां देते,उनपर पत्थर फेंकते,लेकिन वह हार नहीं मानी, वह रुकी नहीं, वह अपने साथ एक और साड़ी लेकर जाया करती थी ताकि एक साड़ी खराब हो जाए तो दूसरी साड़ी पहन के बच्चों को पढ़ाने लग जाया करती थी,ऐसी महान नारी महिला सशक्तिकरण को आज पूरा देश याद कर रहा है।

इस मौके पर कार्यक्रम के सहयोगी साथी युवा नेता प्रकाश सिंह, स्कन्ध वर्मा, बोलीलाल वर्मा, उद्धव प्रसाद, बृजलाल वर्मा, राजू, श्यामलाल वर्मा, चुनकावन वर्मा, अनुरुद्ध कुमार, अजयराज, सोनू वर्मा, रामपूजन, आदि सहयोगी साथियों के अथक प्रयासों द्वारा इस कार्यक्रम को बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

### ग्राम प्रधान के दरवाजे पर लगाई फांसी

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के लौरी हनुमान गंज गांव में रविवार को लौरी निवासी लल्ली ने ग्राम प्रधान पुष्पलता सिंह के घर के बाहर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। अपने पुत्र राजा के साथ प्रधान के घर के बाहर पहुंचे लल्ली ने कहा कि गांव में तमाम अपात्रों को सरकारी आवास योजना का लाभ मिल गया है, किंतु उसे प्रयास के बावजूद योजना का लाभ नहीं मिला है। उसके पड़ोसी काशी को प्रधानपति ने सिफारिश करके आवास दिला दिया है और वह उसकी जमीन पर आवास बना रहा है। इसके चलते वह अपनी जान दे देगा। इसकी सूचना मिलने पर प्रधान पति अरुण सिंह मुन्ना मौक पर पहुंचे और उसे फांसी के फंदे से उतरवाकर अस्पताल पहुंचवाया। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोग उन्हें फंसाने की साजिश रच रहे है। मामले की जांच कराई जानी चाहिए।

### कुएं में गिरने से महिला की मौत

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के बंदरी गांव की निवासी चिंता पत्नी रामरहीम रविवार को सबेरे पानी निकालने के दौरान कुएं में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतका को मिर्गी आती थी, इसके चलते वह कुएं में गिर गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# डकैती व चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चोरी की 26 बकरियां व नकदी बरामद

**चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मारकुण्डी टीम ने डकैती व चोरी के आरोपी को 26 बकरियां व नकदी के साथ गिरफ्तार किया है।

मारकुण्डी थाना प्रभारी निशिकान्त राय ने बताया कि बीती 22 दिसम्बर 2025 को थाना मारकुण्डी के कुसमी गांव निवासी रामनरायण उर्फ तम्बा यादव पुत्र सुखलाल यादव ने सूचना दी कि बीती 21 दिसम्बर 2025 वह व गांव के ही बब्बू यादव पुत्र दादू भाई यादव साथ में अपनी बकरियों को बैरिहा जंगल में चराने के लिए ले गए थे। बकरियां चराने के दौरान जंगल से चार अज्ञात लोग हाथ में लाठी और कुल्हाडी लिए आए और हमला कर दिया तथा साफी से हाथ, पैर व मुंह बांधकर बकरियों को अपने साथ पहिपरवा पहाड़ की तरफ ले गए। इस सूचना पर थाना मारकुण्डी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना का शीघ्र अनावरण कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके अनुक्रम में बीते शनिवार को मारकुण्डी थाने के प्रभारी निरीक्षक सहित उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, रमेश सिंह, आरक्षी तेज सिंह, मंगला प्रसाद व मुख्य आरक्षी चालक देवीदीन द्वारा इटवा डुडैला टॉवर के पास से एक संदिग्ध को पकड़ गया। पूछताछ करने पर संदिग्ध ने बताया कि उसका नाम काऊ उर्फ नेगम अली निवासी लखनपुर थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज है। बताया कि बीती 21 दिसम्बर 2025 को वह अपने साले के दामाद सलमान खान निवासी बेवहारी जिला शहडोल मध्य प्रदेश व उसके दो साथी के साथ कुसमी जंगल से बकरी चरा रहे दो चारवाहों से साथ मारपीट की थी। साथ ही साफी से उनके हाथ-पैर बांधकर जंगल में छोड़ दिया था तथा उनकी बकरियों को अपने साथ बिछियन जंगल ले गये थे तथा बकरियों को जंगल में ही छिपाकर रखा था। उन्ही बकरियों का पता लगाने व ले जाने के लिए आया था कि पुलिस ने पकड़ लिया। बताया कि इससे पूर्व बीती पांच दिसम्बर को भी इन लोगों ने डोडामाफी के मुरली पहाड़ी के जंगल से चरवाहों की बकरियों को चुराकर ले गये थे।

# मऊ एसडीएम ने सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण के लिए हटवाया अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मऊ नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार रोड में सड़क चैड़ीकरण और नाला निर्माण के लिए चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत रविवार को उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन के नेतृत्व में महिला पुल से बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटवाया गया।

एसडीएम के नेतृत्व चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सड़क के बीच आए एक नीम के पेड़ को सरकारी बोली लगाकर नीलाम किया गया और फिर कटवाया गया। इसके साथ ही अन्य अतिक्रमण भी हटाए गए। एसडीएम राम ऋषि रमन ने अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लेने को कहा। चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा और इसका खर्च भी संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। एसडीएम ने कहा कि अतिक्रमण हटवाने के बाद मार्ग चैड़ीकरण का कार्य किया जाएगा, जिससे आवागमन



में सुगमता होगी। क्षेत्रीय लोग प्रशासन की इस पहल से खुश हैं और इसे एक सराहनीय कार्य बता रहे हैं। इस मौके पर लेखपाल संगम पाल, मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, नगर पंचायत की टीम आदि मौजूद रहे।

# 15 जनवरी को बांदा में मनाया जाएगा बसपा मुखिया मायावती का जन्मदिन

### चित्रकूट के कार्यकर्ताओं ने की तैयारी बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 15 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यकताओं द्वारा रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी मुखिया के जन्मदिवस को संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक संदेश के रूप में मनाने पर चर्चा की गई। बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम मंडल मुख्यालय बांदा में मनाया जायेगा। कहा कि




पार्टी मुखिया बहन मायावती का जन्मदिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर है। उन्होंने कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में बांदा चलने तथा पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बसपा कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वह पार्टी मुखिया बहन मायावती के जन्मदिवस को सफल, प्रेरणादायक एवं संगठन को सशक्त बनाने वाला बनाएंगे। इस मौके पर बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार, मुख्य कोर्डिनेटर चित्रकूट मंडल बलदेव प्रसाद वर्मा, मान सिंह कुशवाहा, अवधेश दिनकर, रावेंद्र कुमार वर्मा, पार्टी पदाधिकारी तीरथ सिंह पटेल, शिवबाबू गर्ग, बीरन पासी, फूलचंद खंगार, सोनपाल वर्मा, भारत सिंह पटेल, प्रखर पटेल, विनय पाल, रामअभिलास पाल, ब्रह्म प्रकाश पाल, लाल सिंह पटेल, अमरेंद्र विक्रम विक्रांत यादव, सुनील पटेल, राम लखन यादव, शमशेर मौर्य, सुरेंद्र प्रजापति, अखिलेश वर्मा, रावेंद्र कुमार वर्मा, जगदीश यादव, अनिल कोल, उमाकांत त्रिपाठी, शिवऔतार त्रिपाठी, बृजमोहन वर्मा, अमरदीप कुशवाहा, फूल कुमार वर्मा, राम भजन वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, लालजी कुशवाहा, राजकमल वर्मा, रोहित पटेल, चैतूराम वर्मा, रिंकू पटेल, शंकर बाबा, दरबारी लाल आदि मौजूद रहे।

# पैर की उंगलियों को मजबूत व लचीला बनाती है पादांगुल शक्ति विकासक योग क्रिया : योगाचार्य

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पादांगुल शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि इस योग क्रिया के अभ्यास से पैरों की उंगलियां मजबूत व लचीली बनती है।



योगाचार्य ने बताया कि शरीर के निचले भाग में पैर की उंगलियां महत्वपूर्ण होती हैं। जिनका मुख्य कार्य संतुलन बनाना, शरीर का भार सहना तथा चलने-दौड़ने के दौरान गति प्रदान करना है। इनके कारण स्थिरता, सही चाल और दिशा मिलती है। साथ ही पैर की उंगलिया जमीन पर पकड़ बनाते हुए आगे बढ़ने व उठने-बैठने में मदद करती हैं। यह शरीर के वजन को वितरित करके चलने के दौरान संतुलन बनाती हैं। बताया कि पैर के अंगूठे में दो हड्डियां होती हैं तथा बाकी उंगलियों में तीन-तीन हड्डियां होती है, जो मांसपेशियों से मिलकर पैर को एक लीवर की तरह काम करने में मदद करती हैं। बताया कि प्रतिदिन के कार्य आदि से पैरों की उंगलियों में दर्द की समस्या उत्पन्न होती है। इससे राहत पाने के लिए पादांगुल शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास करना चाहिए। बताया कि यह पैरों की उंगलियों और पंजों को विकसित करने वाला सूक्ष्म योगाभ्यास है, जो पैरों को टोन और मजबूती प्रदान करता है। यह योग खिलाड़ियों जैसे एथलीटों व अधिक समय तक बैठे रहने वालों के लिए बहुत ही उपयोगी है। प्रतिदिन इस योग क्रिया का अभ्यास करने से पंजों व उंगलियां का दर्द मिटता है तथा थकान दूर होती है। बताया कि इसे करने के लिए साम्यावस्था में सीधे खड़े होते हैं तथा दोनों हाथों को कंधों की सीध में धरती के समांतर फैलाते हैं। इसके बाद पैर के पंजों की उंगलियों को उल्टा करके आपस में जुड़े हुए सांस को सामान्य रखते हुए घुटनों को बाहर की ओर मोड़ते हुए कुर्सी की तरह बैठने की स्थिति बनाते हैं तथा 10 सेकंड ठहरने के बाद उंगलियों के बल कूद कर सीधे खड़े हो जाते हैं। प्रारंभ में इसे तीन से पांच बार तक करते हैं। सावधानी के तौर पर पैरों की मोच उंगलियों की चोट की दशा में इसे विशेषज्ञ की देखरेख में करना चाहिए।

# राईफल क्लब खेल मैदान की नीलामी रोकने हेतु काँग्रेसी उतरेंगे सड़कों पर

### काली पट्टी बाँधकर दर्ज करायेगे विरोध प्रदर्शन

**बाँदा।** सरकार की दमनकारी नीतियों को लेकर काँग्रेस पार्टी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है आज इसी क्रम मे बाँदा शहर के बीचोबीच अँग्रेजों के जमाने से स्थापित राईफल क्लब खेल मैदान को नीलामी के लिए सरकार द्वारा 21 जनवरी की तारीख मुकर्रर कर दी गई है। जिस मैदान ने हजारों छात्रो को खेलकूद की प्रतिभा प्रदान की है आज उसी मैदान को भाजपा सरकार नेस्तानाबूद करने मे लगी है । इस खबर को सुनकर नगर के सम्भ्रान्त व्यक्तियों समेत खेल प्रेमियों के दिलो मे भारी आघात पहुंचा है । आज 5 जनवरी को इसी क्रम मे जिला काँग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवँ कार्यकर्ता काली पट्टी बाँधकर सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगें तथा विरोध स्वरूप दो घँटे का साँकेतिक गाँधीवादी तरीकें से विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। यह जानकारी काँग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को यह जानकारी दी। जिसमे पूर्व विधायक पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नगर अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष मँडल अध्यक्ष तहसील जिला एवँ सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष महिला काँग्रेस युवा कांग्रेस सेवादल एन.एस.यू.आई. के समस्त पदाधिकारी जिले के सभी खेल प्रेमी शामिल होगे।




# एशिया में चीन का नया 'पॉवर गेम',

## जिनपिंग ने दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति को भेजा स्पेशल इनवाइट

**चीन**

**चीनी** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग को बीजिंग की राजकीय यात्रा का निमंत्रण दिया, जो क्षेत्रीय अशांति के बीच दक्षिण कोरिया के साथ संबंधों को सुधारने की दिशा में चीन के बढ़ते कदम को दशार्ता है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, वी सुंग-लाक ने कहा कि ली बीजिंग में शी से मुलाकात करेंगे और उसके बाद शंघाई की यात्रा करेंगे, जहां वे जापान के 35 वर्षीय औपनिवेशिक शासन के दौरान दक्षिण कोरिया की अंतरिम सरकार के ऐतिहासिक स्थल का दौरा करेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, वी ने कहा कि दोनों नेता आपूर्ति श्रृंखला निवेश, पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग पर चर्चा करेंगे।

ली और शी के बीच होने वाली शिखर वार्ता के एजेंडे के बारे में पूछे जाने परउत्तर दिया, कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और परमाणु निरस्त्रीकरण पर चर्चा होगी। यह राजकीय



यात्रा शी जिनपिंग की 11 साल बाद दक्षिण कोरिया की पहली यात्रा के दो महीने से भी कम समय बाद हुई है। शी जिनपिंग ने ग्योंगजू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण कोरिया की यात्रा की थी, जो योनहाप के अनुसार, असामान्य रूप से कम समय में हुई दो पारस्परिक राजकीय यात्राओं का प्रतीक है। यह बैठक दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं के बीच होने वाली अगली वार्ता से पहले हुई। चीन और जापान के बीच संबंध अभी भी तनावपूर्ण हैं, क्योंकि जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने नवंबर में कहा था कि ताइवान पर चीन के संभावित हमले से टोक्यो की ओर से सैन्य कार्रवाई हो सकती है।

वाई ने ताइवान पर दक्षिण कोरिया के रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि देश एक चीन नीति का सम्मान करता है और उसी के अनुरूप कार्य करता है। यह रुख बीजिंग के इस विचार को स्वीकार करता है कि ताइवान उसकी संप्रभुता का हिस्सा बना हुआ है, साथ ही स्वशासित द्वीप के साथ अलग संबंध बनाए रखने की अनुमति भी देता है। इस बीच, चीन के हालिया सैन्य अभ्यास ने ताइवान और बीजिंग के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है। फोकस ताइवान की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस सप्ताह की शुरूआत में हस्तक्षेप करते हुए चीन से ताइवान के खिलाफ अपने सैन्य दबाव अभियान को कम करने का आह्वान किया। फोकस ताइवान के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने गुरुवार को कहा, "ताइवान और अन्य क्षेत्रीय पक्षों के प्रति चीन की सैन्य कार्रवाइयां और बयान अनावश्यक रूप से तनाव बढ़ाते हैं।

## श्रीलंका जलक्षेत्र में 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**श्रीलंका**

**श्रीलंका** के जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है और उनकी एक नौका भी जब्त की गई है। देश की नौसेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

श्रीलंका नौसेना के प्रवक्ता कमांडर बुद्धिका संपत ने ह्यपीटीआईह्न को बताया कि मछुआरों को उत्तरी प्रांत में कंकेसंथुरई के उत्तर में बृहस्पतिवार देर रात को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, ह्लवे क्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ रहे थे और क्षेत्र छोड़ने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद मछली पकड़ना जारी रखा।ह्व

नौसेना के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद मछुआरों को अग्रिम कार्रवाई के लिए म्यलाडी मत्स्य निरीक्षणालय लाया जा रहा है। मछुआरों का मुद्दा भारत-श्रीलंका संबंधों में एक संवेदनशील विषय रहा है।

## रूस-यूक्रेन नहीं, अब पश्चिमी देशों से इजरायल आ रहे लोग



**ऑस्ट्रेलिया**

**ऑस्ट्रेलिया** के सिडनी से सैक्स परिवार - पिता ट्रेवर, माता दलित और बेटी आशीरा - गुरुवार को बेन गुरियन हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद 2026 में इजराइल के पहले आप्रवासी बन गए। पश्चिमी देशों से यहूदी आप्रवास में वृद्धि के रुझान इस बात का संकेत देते हैं। उतरते ही, आप्रवासन और आत्मसात मंत्री ओफिर सोफर ने तीनों का स्वागत किया, उन्हें इजराइली पहचान पत्र दिए गए और उन्होंने आधिकारिक तौर पर देश में अपने नए जीवन की शुरूआत की। परिवार के बेटे लेवी सैक्स पहले ही आप्रवासन कर चुके थे और इजराइल रक्षा बलों में भर्ती हो गए थे।

सोफर ने कहा कि सैक्स परिवार का इजराइल में आप्रवासन करने का निर्णय, विशेष रूप से तब जब उनका बेटा आईडीएफ में सेवारत है, संतोषजनक और उत्साहजनक है। हम ऑस्ट्रेलियाई यहूदियों के इजराइल में आप्रवासन के लिए काम कर रहे हैं और इस दिशा में पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठा चुके हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। सैक्स परिवार के आगमन से 2025 में इजराइल में बसने वाले लगभग 22,000 प्रवासियों की संख्या में और इजाफा हुआ है। इजराइल के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (सीबीएस) के अनुसार, पिछले वर्ष लगभग 21,900 लोग इजराइल में आए, जो पिछले वर्ष की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई है।

यहूदी प्रवासन के वैश्विक पैटर्न में बदलाव का संकेत देते हुए, रूस और यूक्रेन से आने वाले प्रवासियों की संख्या आधी हो गई, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस से आने वाले प्रवासियों की संख्या में वृद्धि हुई। सीबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, कुल मिलाकर उत्तरी अमेरिका से इजराइल में आने वाले प्रवासियों की संख्या में 13 प्रतिशत और फ्रांस से आने वाले प्रवासियों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस बदलाव का मुख्य कारण पश्चिमी देशों में बढ़ते यहूदी-विरोधी रवैये को माना जाता है।

# श्रीलंकाई नेता बोले- भारत ने संकट में दिया साथ

**श्रीलंका**

**श्रीलंका** के विपक्ष के नेता और समागी जना बलवेगया (एसजेबी) के नेता सजित प्रेमदासा ने कहा है कि भारत की "पड़ोसी पहले" नीति ने श्रीलंका के लिए ठोस परिणाम दिए हैं, विशेष रूप से आर्थिक संकट और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान। कोलंबो से एएनआई को संबोधित करते हुए प्रेमदासा ने कहा कि भारत-श्रीलंका संबंधों को केवल कूटनीति के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि साझा भूगोल, इतिहास, संस्कृति और आर्थिक भविष्य से आकारित साझेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा हमारा भविष्य अटूट रूप से जुड़ा हुआ है," और इस बात पर जोर दिया कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग आपसी राष्ट्रीय हितों की प्राप्ति के लिए आवश्यक है।

प्रेमदासा ने श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान उसकी रिकवरी में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि नई दिल्ली ने अनुदान, आसान ऋण और वित्तीय सहायता के माध्यम से 4 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि भारत की मदद केवल बयानबाजी और घोषणाओं तक सीमित नहीं थी, बल्कि श्रीलंका के दिवालियापन और मानवीय चुनौतियों का सामना करने के दौरान वास्तविक कार्रवाई में तब्दील हुई।

चक्रवात दितवाह के बाद भारत की प्रतिक्रिया का जिक्र करते हुए, प्रेमदासा ने वित्तीय सहायता, आपदा राहत संसाधनों और आपातकालीन कर्मियों की तैनाती सहित, प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में नई



दिल्ली के त्वरित हस्तक्षेप की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदी प्रशासन ने श्रीलंका की जरूरत के समय तत्काल और सार्थक सहायता प्रदान करके अपने वादे को पूरा किया है। प्रेमदासा ने कहा कि पड़ोसी पहले नीति श्रीलंका के लिए बहुत लाभदायक रही है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने श्रीलंकाई लोगों की बुनियादी मानवीय और विकासात्मक आवश्यकताओं को सटीक रूप से पहचाना और उन्हें पूरा किया। उन्होंने भारत सरकार और भारत की जनता दोनों को उनकी समयोचित और उदार सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि दिसंबर 2025 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की थी कि भारत ने चक्रवात दितवाह के बाद श्रीलंका के पुनर्निर्माण प्रयासों में सहयोग के लिए 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के व्यापक सहायता पैकेज का प्रस्ताव रखा है। यह घोषणा सागर बंधु अभियान के तहत तत्काल मानवीय सहायता चरण की सफल समाप्ति के बाद की गई है, जो संकट के प्रति भारत की त्वरित प्रतिक्रिया थी।

# कौन है मुनीर का नया आतंकी चेला? भारत को दे रहा जिहादी धमकी

**पाकिस्तान**

**सैफुल्ला** कसूरी अब खुलेआम कह रहा है 2026 में भारत को सबसे बड़ा सबक सिखाया जाएगा। अब तक का सबसे बड़ा जिहादी ऑपरेशन शुरू होगा। यानी नए साल में पुराना पाकिस्तानी एजेंडा सामने आ रहा है। सैफुल्लाह कसूरी है जो पाकिस्तान के कश्मीर मिशन तेज करने की धमकी दे रहा है और कहता है कि मकसद के लिए लड़ते रहेंगे पीछे नहीं हटेंगे। अगर आपको यह चेहरा याद नहीं आ रहा है तो याद दिला दें कि यह आतंकी सरगना हाफिज सईद का करीबी है। यही वो शख्स है जो पहलगाम हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर को देखकर सोशल मीडिया पर बिलबिला उठा था। जब भारत ने जवाब दिया जब आतंकी ठिकाने तबाह हुए तो यहीं सैफुल्ला कसूरी



सामने आया और लगभग गिड़गिड़ाते हुए बोला कि पहलगाम अटैक से मेरा कोई लेना देना नहीं है। जो खुद को पाकिस्तान में धर्म शिक्षा देने वाला मौलाना बताता है वो हर बयान में भारत विरोधी जिहाद की वकालत करता है। अब कह रहा है कि दुनिया को उलट-पुलट किया जा सकता है। लश्कर-ए-तैबा के एक शीर्ष नेता ने स्वीकार किया है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दिया है, हालांकि उन्होंने नई दिल्ली के खिलाफ भड़काऊ धमकियां भी जारी की हैं। हाफिज सईद के सहयोगी ने दावा किया कि आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारत ने गलती की।

उन्होंने कश्मीर पर संगठन के फोकस को खुले तौर पर दोहराया और घोषणा की कि संगठन कश्मीर मिशन से कभी पीछे नहीं हटेगा। हाफिज सईद के नेतृत्व वाले संगठन के उप प्रमुख और पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड सैफुल्लाह कसूरी ने हजारों लश्कर-ए-तैबा कार्यकताओं और समर्थकों की मौजूदगी में आयोजित एक सार्वजनिक सभा के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

# वाहन दुर्घटना में विश्वविद्यालय के एथलीट सहित 15 लोगों की मौत

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में एक बस और वैन की भिड़ंत में विश्वविद्यालय के एथलीट सहित कम से कम 15 लोग मारे गए और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार को लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर अड्डा फकीर दी कुल्ली इलाके में घटी।

फैसलाबाद के उपायुक्त अली अकबर भिंडर के अनुसार,




यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज (यूवीएएस) के एथलीट एक आयोजन में भाग लेने के लिए बस से लाहौर जा रहे थे। भिंडर ने कहा, जब बस एक संकरे रास्ते पर पहुंची, तो विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार यात्री वैन उससे भिड़ गई, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा, इस दुर्घटना में विश्वविद्यालय के छात्रों सहित लगभग 15 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं।

घायलों में से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और इस संबंध में जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब की।

# भारत को मिला बांग्लादेश पर हमले का गजब मौका, अब होगा असली खेल!

**बांग्लादेश**

**2026** भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को हमेशा बदल कर रख देगा। आप इसे सहयोगी कहिए कि बांग्लादेश को जिस चीज का सबसे ज्यादा डर था वो 2026 के पहले ही दिन शुरू हो गई है। दरअसल 1 जनवरी 2026 के शुरू होते ही बांग्लादेश की बबार्दी का 365 दिन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। आप इसे कर्मों का फल ही कहिए कि 2025 में जो बांग्लादेश भारत



के लिए नासूर बन गया था। उसी बांग्लादेश के खात्मे का बटन 2026 ने भारत के हाथों में दे दिया है। 2026 में भारत और बांग्लादेश के बीच हुआ एक बहुत बड़ा एग्रीमेंट खत्म होने जा रहा है। बांग्लादेश की हालत इतनी खराब हो गई है कि उसने भारत से संपर्क किया है।

2026 शुरू होते ही अपने कुछ लोगों को भारत के सामने गिड़गिड़ाने के लिए भेज दिया है। दरअसल भारत और बांग्लादेश के बीच 1996 में 30 साल के लिए गंगाजल बंटवारा संधि हुई थी। अब 2026 के अंत में 30 साल पूरे हो रहे हैं। यानी अब 2026 में यह फिर तय होना है कि भारत बांग्लादेश को गंगा नदी का कितना पानी देगा। अगर देगा तो कितना देगा। या हो सकता है कि पानी शायद दिया ही ना जाए। अगर ऐसा हुआ तो बांग्लादेश प्यासा मर जाएगा। भारत में मांग हो रही है कि जिस तरह से पाकिस्तान का पानी रोका गया है, बांग्लादेश का पानी भी रोका जाना चाहिए।

### क्या थी ये संधि

फरक्का में गंगा जल के बंटवारे पर पहला समझौता 7 नवंबर, 1977 को ढाका में हस्ताक्षरित किया गया था। इस संधि से कुछ ही महीने पहले, मार्च में मोरारजी देसाई ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया था, जबकि उसी वर्ष अप्रैल में मेजर जनरल जियाउर रहमान बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने थे। फिर, जब 12 दिसंबर, 1996 को दूसरे समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, तब भारत के प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और बांग्लादेश की शेख हसीना को पद संभाले हुए केवल छह महीने ही हुए थे। दोनों नेताओं ने जून में अपने-अपने पदभार ग्रहण किए थे।

भारत को किस फॉर्मूले के तहत देना पड़ता है कितना पानी

बैराज में दो जगह पानी जाती है। एक तो गंगा में पानी जाती है जो कि बांग्लादेश में चली जाती है। दूसरा हुबली में पानी आती है। समझौते के तहत अगर 75000 क्यूसेक से ज्यादा पानी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# जनता का विद्रोह ज्यादा समय तक नहीं झेल पाएंगे

**ईरान**

**ईरान** में गहराते आर्थिक संकट के खिलाफ भड़के जन आक्रोश ने एक बार फिर सड़कों पर उबाल ला दिया है। देश के कई शहरों में महंगाई, बेरोजगारी और मुद्रा के गिरते मूल्य के विरोध में लोग सड़कों पर उतरे हैं जिनके समर्थन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी आ गये हैं। हम आपको बता दें कि ईरान में हालात उस समय और तनावपूर्ण हो गए जब सुरक्षा बलों के साथ झड़पों में कुछ लोगों की मौत की खबरें सामने आईं। इसके बाद विरोध प्रदर्शनों ने और आक्रामक रूप ले लिया। बाजारों में दुकानें बंद रहीं, छात्र सड़कों पर उतरे और कामगार वर्ग ने खुलकर सरकार और सुप्रीम लीडर के खिलाफ नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जीवन को असहनीय बना दिया है। खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं, ईंधन महंगा हो चुका है और रोजगार के अवसर सिमटते जा रहे हैं। राष्ट्रीय मुद्रा की गिरावट ने लोगों की बचत को लगभग बेकार कर दिया है। सरकार के तमाम दावों के बावजूद हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ते दिख रहे हैं। इसी हताशा ने विरोध को जन्म दिया है।

हम आपको बता दें कि सुरक्षा बलों की सख्ती के बावजूद विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कई इलाकों में आंसू गैस और लाठियों का इस्तेमाल किया गया है। सरकार ने इसे बाहरी साजिश बताने की कोशिश की है लेकिन सड़कों पर दिख रहा गुस्सा साफ बताता है कि समस्या जड़ से जुड़ी हुई है। यह विरोध सिर्फ आर्थिक मांगों तक सीमित नहीं रहा बल्कि कई जगहों पर सत्ता के खिलाफ सीधे नारे भी सुनाई दिए। यह संकेत है कि असंतोष अब गहराई तक पहुंच चुका है।



देखा जाये तो ईरान में भड़क रहे ये विरोध प्रदर्शन केवल रोटी कपड़ा और मकान की मांग नहीं हैं। यह उस व्यवस्था के खिलाफ जनाक्रोश है जो वर्षों से आम आदमी की पीठ पर आर्थिक बोझ लादती आ रही है। जब महंगाई काबू से बाहर हो जाए, जब मुद्रा का मूल्य रोज गिरे और जब युवा भविष्य को अंधेरे में देखे तब सड़कों पर उतरना स्वाभाविक हो जाता है। ईरान आज उसी मोड़ पर खड़ा है जहां सरकार और जनता के बीच भरोसे की दीवार लगभग ढह चुकी है।

देखा जाये तो इन प्रदर्शनों का मूल कारण आर्थिक कुप्रबंधन है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने अर्थव्यवस्था को जरूर चोट पहुंचाई है लेकिन सच्चाई यह भी है कि आंतरिक नीतियों की विफलता ने हालात को और बदतर बना दिया है। जनता सवाल कर रही है कि जब संसाधन मौजूद हैं तो आम आदमी की जेब खाली क्यों है। जब सत्ता वर्ग सुविधाओं में जी रहा है तो आम नागरिक को हर दिन संघर्ष क्यों करना पड़ रहा है।

इस असंतोष के सामरिक प्रभाव भी कम खतरनाक नहीं हैं। ईरान मध्य पूर्व की राजनीति का एक अहम केंद्र है। यहां की अस्थिरता का असर पूरे क्षेत्र पर पड़ सकता है। अगर आंतरिक हालात और बिगड़ते हैं तो इसका सीधा प्रभाव क्षेत्रीय सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय समीकरणों पर पड़ेगा। तेल और गैस की आपूर्ति में किसी भी तरह का व्यवधान वैश्विक बाजारों को हिला सकता है। यही कारण है कि दुनिया की नजरें ईरान की सड़कों पर टिकी हुई हैं।

साथ ही, सत्ता का रवैया इस संकट को और गहरा कर रहा है। संवाद और सुधार के बजाय दमन का रास्ता अपनाया जा रहा है। इतिहास गवाह है कि लाठी और बंदूक से जनता की आवाज को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता। जब लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होतीं तो भय भी अपना असर खो देता है। ईरान में आज वही स्थिति बनती दिख रही है।

संभावित परिणामों पर नजर डालें तो तस्वीर और भी चिंताजनक है। यदि सरकार ने समय रहते आर्थिक सुधारों और राजनीतिक संवाद की पहल नहीं की तो यह विरोध और उग्र हो सकता है। इससे देश के भीतर विभाजन बढ़ेगा और शासन की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े होंगे। दूसरी ओर यदि सत्ता जरूरत से ज्यादा सख्ती दिखाती है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बढ़ेगा और ईरान और अधिक अलग थलग पड़ सकता है।

देखा जाये तो यह संकट एक चेतावनी है। केवल ईरान के लिए नहीं बल्कि उन तमाम देशों के लिए जहां सत्ता जनता की आवाज को नजरअंदाज करती है। आर्थिक न्याय और सामाजिक संतुलन के बिना कोई भी शासन लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकता। आज ईरान की सड़कों पर जो गुस्सा दिख रहा है वह वर्षों की अनसुनी पीड़ा का परिणाम है।

बहरहाल, फैसला सत्ता के हाथ में है। या तो वह इस जनाक्रोश को दुश्मन समझ कर कुचलने की कोशिश करे या इसे एक संदेश मान कर सुधार की राह पकड़े। इतिहास में वही सरकारें टिक पाई हैं जिन्होंने समय रहते जनता की बात सुनी। अगर ईरान ने यह मौका गंवाया तो यह संकट केवल आर्थिक नहीं रहेगा बल्कि एक बड़ा राजनीतिक और सामरिक भूचाल बन सकता है। वैसे ईरान की सड़कों पर जो दृश्य दिख रहे हैं वह दर्शा रहे हैं कि जनता के विद्रोह का ज्यादा समय तक सामना नहीं कर पाएंगे सुप्रीम लीडर।